वर्ष- 21 अंक - 218 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, बुधवार 21 जनवरी 2026

## आसमान से भी ऊंची उड़ान भरने वाली
# सुनीता विलियम्स नासा से रिटायर

बुधवार ● एजेंसी

नासा की मशहूर अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने 27 साल की लंबी और ऐतिहासिक सेवा के बाद एजेंसी से संन्यास ले लिया है। उनका रिटायरमेंट 27 दिसंबर 2025 से प्रभावी हुआ। सुनी विलियम्स ने अपने करियर में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर तीन मिशन पूरे किए और मानव अंतरिक्ष उड़ान के क्षेत्र में कई कीर्तिमान स्थापित किए।



सुनीता विलियम्स ने कुल 608 दिन अंतरिक्ष में बिताए, जो किसी भी नासा अंतरिक्ष यात्री द्वारा बिताए गए कुल समय में दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। उन्होंने नौ स्पेसवॉक किए, जिनकी कुल अवधि 62 घंटे 6 मिनट रही। यह किसी महिला अंतरिक्ष यात्री द्वारा किया गया सबसे अधिक स्पेसवॉक समय है, जबकि कुल मिलाकर वह इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। इसके अलावा, वह अंतरिक्ष में मैराथन दौड़ने वाली पहली इंसान भी बनीं। उनके रिटायरमेंट को मानव अंतरिक्ष उड़ान के एक युग का अंत माना जा रहा है।




# फिर मची भगदड़
## शेयर बाजार में हाहाकार

बुधवार ● एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 8 यूरोपीय देशों पर टैरिफ लगाने का जो ऐलान किया उससे एशियाई बाजार के साथ अमेरिकी शेयर बाजार में भी हाहाकार मच गया। भारतीय शेयर बाजार में भी इसका असर हुआ। आज सेंसेक्स 200 अंक से ज्यादा फिसल गया और निफ्टी भी रेड जोन में ट्रेड करता दिखा। जापान में 796 अंक की गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह हॉन्गकॉन्ग, साउथ कोरिया और ऑस्ट्रेलिया में भी बाजार लुढ़क गए। अमेरिकी बाजार भी गिरावट के साथ खुला।

### भारत पर नहीं लगेगा 500 फीसदी टैरिफ?

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका के ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने के लिए सीनेट की अनुमति की जरूरत नहीं है। हालांकि उन्होंने साफ किया कि इस बार टैरिफ की धमकी का मुख्य निशाना चीन है, न कि भारत।

### उद्घाटन से पहले ही धड़ाम हुई 21 करोड़ की टंकी

**सूरत.एजेंसी।** सूरत के ताड़केश्वर गांव में 21 करोड़ की लागत से बनी 11 लाख लीटर की पानी की टंकी टेस्टिंग के दौरान गिर गई। पानी की टंकी लगभग बनकर तैयार हो गई थी, दो दिन की टेस्टिंग के लिए 11 लाख लीटर कैपेसिटी वाली टंकी में करीब 9 लाख लीटर पानी भरा गया था। इसके बाद यह टंकी ढह गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

### विमान हुआ खराब, बीच रास्ते से वापस लौटे ट्रंप

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का विमान दावोस के लिए रवाना हुआ था, लेकिन बीच रास्ते में ही विमान में खराबी आ गई जिसके कारण विमान को वापस लौटना पड़ा। इसके बाद ट्रंप दूसरे विमान से रवाना हुए। ट्रंप अमेरिका से दावोस जा रहे थे तभी उनके विमान में खराबी आई। ट्रंप दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में अमेरिकी नीतियों पर बोलने वाले हैं।

### गणतंत्र दिवस पर दिल्ली दहलाने की साजिश
## खालिस्तानी गिरफ्तार

बुधवार ● एजेंसी

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को देश की राजधानी दिल्ली में बड़े आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में पंजाब के लुधियाना जिले की पुलिस ने हरियाणा के जींद जिले के सफीदों कस्बे से एक खालिस्तान समर्थक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वार्ड नंबर पांच निवासी कुलदीप उर्फ कालू (36) के रूप में हुई है। गणतंत्र दिवस के मद्देनजर दिल्ली में पुलिस ने 10 आतंकियों को पोस्टर भी लगाए हैं जिनमें गिरफ्तार आतंकी कुलदीप का फोटो भी है।

# फिर 26/11 जैसे हमले की साजिश
### *आतंकी फैक्ट्री पर दुआ मांगता दिखा हाफिज सईद*



बुधवार. एजेंसी। पाकिस्तान के अंदर फिर से एक और कसाब फैक्ट्री तैयार की जा रही है। वो फिर से भारत के खिलाफ 26/11 मुंबई हमलों जैसी प्लानिंग कर रहे हैं। पाकिस्तान में हाफिज़ सईद का आतंकी संगठन लश्कर-ए- तैयबा एक वाटर फोर्स बना रहा है। पाकिस्तान के मुल्तान में एक नई इमारत मतलब लश्कर का नया अड्डा बनने जा रहा है जिसके निर्माण कार्य की शुरुआत की गई, जिसमें प्रतिबंधित आतंकी संगठन से जुड़ा हाफिज सईद दुआ करते देखा गया।

### ईरान में फंसे छात्रों का दूसरा दस्ता लौटा

**नई दिल्ली.एजेंसी।** ईरान में फंसे भारतीय छात्रों का दूसरा बैच मंगलवार रात को सुरक्षित भारत लौट आया है। इस दस्ते में करीब 200 छात्र हैं। ज्ञात रहे कि ईरान की हिंसा में अब तक 3000 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं।

**न्यूज ब्रीफ**

### अमेरिका ने एक और टैंकर जब्त किया

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने कैरेबियन सागर में वेनेजुएला के एक और तेल टैंकर को कब्जे में ले लिया है। यह सातवां ऑयल टैंकर है, जिसे अमेरिका ने सीज किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इस बीच कहा है कि वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो के साथ उनकी संभावित भूमिका को लेकर अमेरिका बातचीत कर रहा है।

### एक साल महापौर पद के लिए अड़े शिंदे

**मुंबई.एजेंसी।** महाराष्ट्र में मेयर पद को लेकर भाजपा व शिवसेना शिंदे के बीच गतिरोध बरकरार है। शिंदे एक साल के लिए महापौर पद पर अड़े हुए हैं। जबकि भाजपा हर हाल में अपना मेयर बनाना चाहती है। शिंदे और फडणवीस के बीच 25 जनवरी को बैठक होगी। उधर शिंदे शिवसेना के जो 29 पार्षद होटल में ठहराए गए थे उन सभी ने होटल खाली कर दिया।

### महिलाओं के इनरवियर चुराकर पहनता था युवक

**बेंगलुरू.एजेंसी।** बेंगलुरु में 23 साल के एक युवक को महिलाओं के अंडरगारमेंट चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है जो कि घरों से महिलाओं के अंडरगारमेंट्स चुराता था और फिर खुद पहनकर तस्वीर खींचता था।

### फैक्ट्री का जहरीला पानी पीने से 25 भेड़ों की मौत, 50 गंभीर

**ग्रेटर नोएडा.एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में मोहम्मदपुर गुर्जर गांव के पास स्थित एक फैक्ट्री से निकले दूषित पानी को पीने से करीब 25 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 50 से अधिक भेड़ों की हालत गंभीर बनी हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पशु चिकित्सक से अन्य हालत खराब हुई भेड़ों का इलाज कराया जा रहा है।



### पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने किया फर्जी पिज्जा हट का उद्घाटन

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ एक अजीब विवाद में फंस गए हैं। उन्होंने सियालकोट कैंटोनमेंट में पिज्जा हट ब्रांड वाले एक आउटलेट का उद्घाटन किया, लेकिन कुछ ही घंटों बाद पिज्जा हट कंपनी ने इस आउटलेट को फर्जी बता दिया।

### पुलिस की गाड़ी ले भागा शराबी

**बागपत.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के बागपत में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के दौरे से पहले पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई। यहां तैनात ट्रैफिक पुलिस की टाटा सूमो को एक शराबी युवक उनके सामने से ही लेकर फरार हो गया। फिल्मी स्टाइल में पीछा करने के बाद, युवक ने गाड़ी एक दुकान में ठोंक दी, जिसके बाद पुलिस ने उसे काबू किया।

# आगामी निगम चुनाव के लिए महिलाओं को करो तैयार–पटवारी

## कल ली अपने निवास पर ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक, जो नहीं आ रहे हैं उन्हें भी लो साथ में, लगाओ काम पर



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बिजलपुर निवास पर चिन्टू चौकसे, दीपू यादव, संजय बाकलीवाल की मौजूदगी में कांग्रेस ब्लाक अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई जिसमें संगठन को मजबूत करने और आगामी रणनीति पर सार्थक चर्चा की गई। करीब 20 ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद रहे, केवल चार ब्लॉक अध्यक्षों को नहीं बुलाया गया था, जो विधानसभा 3 के 3 और 5 का 1 ब्लॉक अध्यक्ष बनाने का मामला रुका हुआ है। जीतू पटवारी ने काफी देर तक इन ब्लॉक अध्यक्षों को काम करने के गुर सिखाएं। उन्होंने यह भी ब्लॉक अध्यक्षों से कहा कि नगर निगम चुनाव में दो-दो तीन-तीन उम्मीदवार कांग्रेस के थे उन सभी से मुलाकात करो, उनका ध्यान रखकर उनको साथ लेकर चलो। इधर बूथ स्तर के नेता और कार्यकर्ताओं से काम कराओ, वार्डों के लिए प्रभारी भी ढूंढों और अच्छे प्रभारी हो तो उनकी नियुक्तियां करवाओ, उन्हें काम पर लगवाओ। प्रारंभ में पटवारी ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के माध्यम से सभी ब्लॉक अध्यक्षों का परिचय लिया था और फिर अपने उद्‌बोधन इन नए ब्लॉक अध्यक्षों के ज्ञान बढ़ाने के लिए दिए। यह भी कहा कि जो अभी घर बैठे हैं, कांग्रेस में नहीं आ रहे हैं उन्हें भी संगठन की जवाबदारी सौंपकर काम पर लगाओ। खासतौर से बूथ प्रतिनिधि बनाने को लेकर चर्चा हुई और कहा कि नगर निगम चुनाव में महिला आरक्षण रहना है इसलिए ज्यादा से ज्यादा मातृशक्तियों को कांग्रेस से जोड़े। बूथ का प्रभार भी महिलाओं को दिया जाए। कार्य करने वाली महिलाओं को चिह्नित कर उन्हें सक्रिय करें। साथ ही यह भी हिदायत पटवारी ने दे दी कि जो भी ब्लॉक अध्यक्ष काम नहीं करेगा उसे हटा दिया जाएगा। सभी लोगों की कांग्रेस संगठन में निष्ठा होना चाहिए क्योंकि वह सर्वोपरि है। कुल मिलाकर ब्लॉक अध्यक्षों के माध्यम से पटवारी वार्ड और बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती का संदेश दे गए, अब देखना होगा कि शहर कांग्रेस इन ब्लॉक अध्यक्षों का उपयोग संगठन हित में कितना कर पाती है। यह अब आने वाला समय ही बताएगा।

# सांसद की मौजूदगी में उद्यमियों का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्लास्टिक रिप्रोसेस ग्रेनुअल मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन ने उद्योगपतियों की मौजूदगी में कार्यक्रम होटल में आयोजित किया। सांसद शंकर लालवानी भी 200 उद्योगपतियों के बीच मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने उद्‌बोधन भी दिया और यह कहा कि ई-कचरे की बड़ी समस्या को सुलझाने में प्लास्टिक रिप्रोसेस से जुड़े उद्यमियों का बड़ा योगदान, युवाओं को इस क्षेत्र में आगे आने की जरूरत है। वहीं औद्योगिक क्षेत्र में श्रेष्ठ कीर्तिमान बनाने वाले उद्यमियों गुरवीर सिंह, वीरू सेन, मोहनसिंह पंवार, राजनसिंह पंवार, ओमप्रकाश जैन, विकास जैन, लोकेश जैन, अशोक यादव का सम्मान भी किया गया। अतिथि स्वप्निल कोठारी, योगेश मेहता, सचिन बंसल थे। स्वप्निल गर्ग, पुष्पेन्द्र सोलंकी, मयूर मसंद, योगेन्द्र रायकवार, रुचिल डोसी, रमेश माहेश्वरी, प्रकाश जैन भटेवरा, मधुसूदन भलिका, अशोक अग्रवाल, रामकिशोर राठी, अतुल खंडेलवाल, अतीत अग्रवाल, मनीष चौधरी, विजय राठौर, फखरुद्दीन आरिफ, जतिन दीवान, अनिल पालीवाल, कशिश दिवान, जीतू राठौर, प्रिंस महाजन, मधु खंडेलवाल, प्रीतेश जैन, मुकेश भटेवरा, महेश अवतानी, बीके गुप्ता, राकेश राजपूत, वीरू जैन, अमित तिवारी, डिंपल जैन, जतिन दीवान मौजूद थे।

# राज्यपाल से की पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

स्वामी विवेकानंद समर्थ फाउंडेशन एवं युवा एकता परिषद के चार सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल डॉ. दीपक शर्मा, रूपेश मंडलोई, सचिन शर्मा सूर्या, संजय पाण्डेय ने राज्यपाल मंगूभाई पटेल से राजभवन में मुलाकात कर स्वास्थ्य, महिला संबंधित विषयों एवं एवीएन शिक्षा के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। महिला स्वास्थ्य से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण समस्याओं जैसे संतुलित पोषण,व्यक्तिगत स्वच्छता, मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य,मानसिक स्वास्थ्य, ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष रूप से चर्चा की गई। राज्यपाल का स्वागत भी किया गया।

## पंचायत स्तर की एक और कमेटी बनाई

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

जिला कांग्रेस ने पांचवी बार जिले के देपालपुर और सांवेर में 21 ग्राम पंचायत स्तर पर समिति का गठन कर उनके अध्यक्ष नियुक्त किए। यह आंकड़ा अब कुल अध्यक्षों का 110 को पार कर गया।



# विधायक पहुंचे महायज्ञ में

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** हंसदास मठ में लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के आयोजन में आहुतियां दी जा रही है। यहां बसंत पंचमी पर सामूहिक यज्ञोपवित का आयोजन भी होगा। पवनदास महाराज के बुलावे पर विधायक गोलू शुक्ला ने परिक्रमा की और यज्ञ स्थल का पूजन भी किया।

# नए पदाधिकारियों का किया सम्मान




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश और शहर कांग्रेस ने नवनियुक्त पदाधिकारियों के अभिनन्दन का आयोजन किया। यह आयोजन सामाजिक संस्था शौर्य नमन के अध्यक्ष विकास जोशी ने किया था। आयोजन में चिंटू चौकसे, शैलेष गर्ग, संजय बाकलीवाल, दिलीप राजपाल, अजयनारायण सीतलानी, इम्तियाज बेलिम, सुधीर सेठिया, प्रकाश व्यास, अशोक वर्मा, मीनाक्षी जायसवाल, शैलेष त्रिपाठी, मनोहरसिंह तोमर, राजीव सहित अन्य मौजूद थे।




# कांग्रेसियों ने जलाया योगी आदित्यनाथ का पुतला

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन किया, जो कि मणिकर्णिका घाट पर मंदिरों और शिवलिंगों की तोड़फोड़ और स्वामी अविमुक्तशानंद महाराज के साथ मारपीट के खिलाफ था। यह पुतला दहन पाटनीपुरा चौराहे पर हुआ जहां राहुल धाकरे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने योगी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# क्रेन्द्रीय मंत्री और सांसद रहे राजभाषा सम्मेलन में मौजूद

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



देवी अहिल्या विश्वविद्यालय परिसर में मध्य, पश्चिम, दक्षिण और दक्षिण पश्चिम क्षेत्रों का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया गया। इसके माध्यम से राजभाषा विभाग सरकारी काम-काज में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास है। सम्मेलन में दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम क्षेत्रों में स्थित विभिन्न बैंकों/उपक्रमों/कार्यालयों को राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत किया गया। सम्मेलन में कुल 80 पुरस्कार प्रदान किए गए। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों को नराकास राजभाषा सम्मान से सम्मानित किया गया। केन्द्र सरकार के कार्यालयों, बैंकों एवं उपक्रमों को विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुरस्कार प्रदान किए गए। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री बंडी संजय कुमार, सांसद शंकर लालवानी, कुलपति डॉ. राकेश सिंघई, नर्मदा प्रसाद, प्रो. जेएल रेड्डी मौजूद थे।



# विधायक के यहां पहुंचकर व्यक्त किया शोक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पूर्व गृहमंत्री, विधायक बाला बच्चन की सुपुत्री प्रेरणा के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया जा रहा है। विधायक मोन्दू सोलंकी, प्रवीण निखरा, मनोज मित्तल, हेमंत अग्रवाल ने शोक जताते हुए संवेदना प्रकट की।

# ग्रीन वेस्ट का ढेर मिलने पर जीटीएस प्रभारी को हटाने के निर्देश

## एक बार फिर हालात देखने के लिए सड़क पर निकले आयुक्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आजाद नगर के जीटीएस में ग्रीन वेस्ट का ढेर मिलने पर वहां के जीटीएस प्रभारी को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। आज सुबह एक बार फिर नगर निगम आयुक्त हालत देखने के लिए सड़क पर निकले।

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने आज प्रातः आजाद नगर स्थित जीटीएस (गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन) का निरीक्षण किया गया। सिंघल द्वारा जीटीएस में पहुंचने वाले कचरे की व्यवस्था का अवलोकन करते हुए यह जानकारी ली गई कि किन-किन क्षेत्रों से कचरा यहां लाया जाता है तथा गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण कर उसे किस प्रकार प्लांट तक भेजा जाता है। निरीक्षण के दौरान जीटीएस परिसर में बड़ी मात्रा में ग्रीन वेस्ट जमा पाया गया एवं साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई।



इस पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जीटीएस प्रभारी महेश मारोठ को फटकार लगाई एवं आजाद नगर जीटीएस से हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए। जीटीएस से ग्रीन वेस्ट तत्काल हटाने और परिसर में नियमित एवं पर्याप्त साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही न होने के भी निर्देश दिए गए।

### मूसाखेड़ी में गंदा पानी

आयुक्त द्वारा मूसाखेड़ी क्षेत्र में स्थित पानी की टंकी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में दूषित पानी, पानी नहीं आने जैसी प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी ली गई। शिकायतों पर लगातार मॉनिटरिंग करने के साथ ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# रेलवे समिति की बैठक में होगा आज झेडआरयूसीसी समिति सदस्य का चयन

## रतलाम में हो रही है बैठक, इंदौर से भी निकले प्रतिनिधि

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आज रतलाम में मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति डीआरयूसीसी की बैठक मंडल कार्यालय समिति कक्ष में आयोजित की जा रही है। कुल 19 सदस्य है, जिनमें इंदौर के भी कई सदस्य शामिल है जो आज रतलाम पहुच चुके हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि आज डीआरयूसीसी के 19 सदस्य अपना एक प्रतिनिधि झेडआरयूसीसी के लिए चयनित करेंगे। इंदौर के लोगों का मन था कि सांसद शंकर लालवानी के प्रतिनिधि विशाल गिदवानी को चयनित करवा लिया जाए। इस मामले में समाचार लिखे जाने तक संशय की स्थिति यह बनी हुई थी कि मुंबई झेडआरयूसीसी के लिए सांसद प्रतिनिधि चयनित होते है या नहीं वह स्थिति दोपहर 12 बजे के बाद स्पष्ट होगी। इस समिति की यह दूसरी बैठक है। इसके लिए मंडल ने समिति सदस्यों से सुझाव भी पूर्व में आमंत्रित किए थे। आज जो एक सदस्य का चुनाव किया जाना है उनमें नामित 19 सदस्यों की सूची भी जारी की गई है। इंदौर से शैलेष गर्ग, विशाल गिदवानी, हिमांशु दुबे, तरुण व्यास सदस्य हैं जो रतलाम पहुंचे हैं। अब देखना होगा कि दोपहर बाद झेडआरयूसीसी के लिए कौन चयनित होता है। इधर यह बताया गया कि अगर वोटिंग होती है तो 19 सदस्यों को वोटिंग का अधिकार रहेगा।

# कनेक्शन के बाद भी नहीं मिल रहा ऋषि विहार कॉलोनी में पानी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मलीन बस्ती के अंतर्गत आने वाली विधानसभा 4 के वार्ड 85 की ऋषि विहार कॉलोनी के रहवासियों ने वर्ष 2013 में नगर निगम में 1000 रुपए जमा कर नर्मदा जल के कनेक्शन लिए गए थे। लेकिन अभी तक कॉलोनी में नर्मदा का जल नहीं आया। इस संबंध में रहवासियों द्वारा कई बार जोन 14 के झोनल अधिकारी एवं जिलाधीश को भी जनसुनवाई में आवेदन दिया गया। इसके साथ ही सीएम हेल्प लाईन में भी शिकायत की गई। कई शिकायतें करने के बाद भी समस्या का निराकरण आज तक नहीं हुआ है। मीडिया से चर्चा में विजयसिंह कौशल एवं राजकुमार सिंह चौहान ने बताया कि समस्या का समाधान न होने के कारण हमें निजी टैंकरो से पानी खरीदना पड़ रहा है। यहां के रहवासियों की परेशानी यह है कि जो लोग सक्षम है वह तो पानी खरीद रहे है किंतु जो लोग गरीब हैं उन्हें दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है। यहां के रहवासियों द्वारा नल कनेक्शन का शुल्क जमा करने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। 2013 में जल प्रदाय हेतु पाईप लाइन डाली गई थी, लेकिन लाइन नीचे होने के कारण नलों में पानी नहीं आता है। रहवासियों ने कहा कि अभी सड़क निर्माण कार्य भी चल रहा है ऐसे पुरानी पाईप लाइन को बदलकर 12 इंच की पाईप लाइन डालने की मांग की है। समस्या का निराकरण नहीं होने की स्थिति में रहवासियों आंदोलन करने की चेतावनी देते हुए कहा उच्च अधिकारी का घेराव भी किया जाएगा। इसके साथ ही 2013 से अभी तक जलकर भी माफ किया जाए और जिन लोगों ने जलकर भर दिया है उन्हें भी मय ब्याज सहित राशि वापस की जाए।

## शहर की सड़कों के गड्ढे भरने का अभियान शुरू

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। इंदौर नगर निगम के द्वारा कल रात से शहर के सड़कों के गड्ढे भरने का अभियान शुरू कर दिया गया है। महापौर परिषद की पिछली बैठक में सड़कों के पेचवर्क करने के टेंडर को मंजूरी दे दी गई थी। इस मंजूरी के आधार पर ठेकेदार फर्म के माध्यम से नगर निगम के द्वारा कल रात से यह काम शुरू करवाया गया है। निगम के अधिकारियों का दावा है कि अब अगले 1 महीने के अंदर शहर की सारी सड़कों को गड्ढा मुक्त कर दिया जाएगा।

# वाल्मीकि समाजजनों ने दिया भाजपा और कांग्रेस नेताओं को निमंत्रण





इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। वाल्मीकि समाज की चारों पंचायतों द्वारा सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाना है। आयोजन का निमंत्रण भी दिया जा रहा है और तैयारी भी की जा रही है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे सहित अन्य को निमंत्रण दिए गए। आयोजन से आशीष लोट, सुनील खरे, घनश्याम अटवाल, रवि चंदेले, मुकेश लोट, हंसराज चौहान, राजेश गौसर सहित अन्य अलग-अलग निमंत्रण देने में मौजूद थे।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन के बनने पर भाजपाइयों में हर्ष





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन कल काबिज हो गए तो भाजपा कार्यालय में खुशी का जश्न उत्सव के रूप में मनाया। खुशी पर नृत्य भी किया गया, आतिशबाजी भी हुई, एक-दूसरे को मिठाई भी खिलाई। भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने ढोलक की थाप पर भी खुशी जाहिर की। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक महेन्द्र हार्डिया, सांसद शंकर लालवानी, आलोक दुबे, अंजू माखीजा, नितिन शर्मा, भूपेन्द्र केसरी, सुधीर कोल्हे, अभिषेक बबलू शर्मा, वासुदेव पाटीदार, प्रकाश परवानी, मंजू ठाकुर, कंचन गिदवानी, नेहा शर्मा, सचिन बंसल, विशाल यादव, वरुण पाल, रितेश शर्मा, नितिन शर्मा, गोविंद पंवार, सर्वजीत गौड, महेश जोशी, शेखर चौधरी, पवन पंवार, नागेश पंवार, अनिल शर्मा, रितेश वीरंग, आशीष शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बजरंगियों ने पिटाई कर टिप्पणी करने वाले को पहुंचाया थाना



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विश्व हिन्दू परिषद के प्रचार प्रमुख देवा शर्मा ने बताया कि राऊ थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर बजरंग दल संगठन के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले युवक अल्ताफ पिता रईस पटेल निवासी पटेल मोहल्ला खजराना के खिलाफ राऊ थाना में प्रकरण दर्ज कराया। शर्मा के मुताबिक अल्ताफ को राऊ गोल चौराहा पर पकड़कर पहले उसकी पिटाई की गई और आपत्तिजनक पोस्ट के बारे में पूछताछ की इस पर अल्ताफ ने पोस्ट करना स्वीकार किया तो उसे राऊ पुलिस के हवाले भी किया गया। पुलिस ने धारा 223 के अन्तर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया।

# कांग्रेस अध्यक्ष देखेंगे आज दोपहर से पानी की स्थिति

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि आज से अलग-अलग विधानसभाओं के अलग-अलग वार्डों में वे पीने की पानी की स्थिति को देखने निकलेंगे, प्रभारी और अन्य कांग्रेसी भी मौजूद रहेंगे। चौकसे आज दोपहर 2 बजे के बाद गोम्मटगिरि क्षेत्र में जाएंगे और वहां देखेंगे कि रहवासियों को पानी साफ मिल राह है या दूषित। अगर पानी दूषित और गंदा आ रहा है तो तत्काल झोन अधिकारियों के अलावा निगम अधिकारियों से भी बात की जाएगी और दूषित पानी को ठीक करने पर चर्चा की जाएगी और जहां-जहां गंदा पानी मिलेगा वहां के स्थानीय कांग्रेसियों को मॉनिटरिंग पर लगाया जाएगा, जब तक पानी ठीक नहीं होगा तब तक लगातार कांग्रेस अच्छे पानी के लिए प्रयास करती रहेगी और जरूरत पड़ी तो धरना, प्रदर्शन, आन्दोलन भी किया जाएगा और पूरे मामले की रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को भी भेजी जाएगी।

# विद्युत चोरी को लेकर टोकना पड़ा भारी

## पड़ोसी ने 'पिंचिस' मारकर फोड़ा बुजुर्ग का सिर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**बाणगंगा थाना क्षेत्र के ग्राम बरदरी में बिजली चोरी और अवैध कनेक्शन को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति पर हमला कर दिया गया। पड़ोस में रहने वाले युवक ने बिजली के तार डालने से मना करने पर उसके के सिर पर प्लायर (पिंचिस) से वार कर उन्हें लहूलुहान कर दिया।**

पुलिस के मुताबिक, बरदरी निवासी फरियादी राजाराम पिता भैरवलाल बंसल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले आरोपी गौरव के घर पर बिजली का कनेक्शन नहीं है। आरोपी आए दिन फरियादी की बिजली लाइन में अवैध रूप से तार डालकर अपने घर की लाइट जलाता था। इस अवैध कनेक्शन के कारण फरियादी को भारी बिजली बिल का भुगतान करना पड़ रहा था। जब फरियादी ने आरोपी गौरव को टोकते हुए कहा कि 'तुम मेरी लाइन से तार क्यों डालते हो, इसका बिल मुझे भरना पड़ता है', तो आरोपी भड़क गया और गालियां देने लगा। फरियादी राजाराम ने जब गाली देने से मना किया, तो आरोपी अपने साथी राघव के साथ मिलकर विवाद करने लगा। इसी दौरान आरोपी ने अपने हाथ में रखे लोहे के 'प्लामर' (पिंचिस) से फरियादी के सिर पर जोरदार हमला कर दिया।सिर पर पिंचिस लगने से फरियादी गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके सिर से खून बहने लगा।चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देखकर आरोपी मौके से भाग निकले।

## आत्मसम्मान पर लगी चोट ने ले ली जान

# पड़ोसी की प्रताड़ना से तंग आकर तीन बच्चों के पिता ने दी जान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** खुड़ैल थाना क्षेत्र के उमरीखेड़ा गांव में एक व्यक्ति ने पड़ोसी की लगातार प्रताड़ना और चरित्र पर की गई शर्मनाक टिप्पणी से तंग आकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने जहर खाने से पहले एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें पड़ोसी और उसके भाई पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस घटना के बाद से ही गांव में तनाव और शोक का माहौल है। उमरीखेड़ा निवासी 40 वर्षीय प्रकाश पिता खुमान को जहर खाने के बाद गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रकाश के परिवार में उनकी पत्नी और तीन बेटे हैं। मृतक के बेटे सुमित ने बताया कि वह एक मेडिकल स्टोर पर काम करता है। कल शाम उसे मां का फोन आया कि पिता ने फोन पर जहर खाने की बात कही है। बदहवास सुमित तुरंत दूधिया-नेमावर रोड स्थित रेणुका ढाबे के पीछे पहुंचा, जहां उसके पिता उल्टियां कर रहे थे। वहीं पास में एक सुसाइड नोट भी पड़ा मिला। सुमित ने लोगों की मदद से पिता को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। परिजनों ने आरोप लगाया कि पड़ोसी भारत साहू और उसका भाई राम साहू प्रकाश को लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। भारत साहू अक्सर प्रकाश को अपमानित करने के लिए कहता था कि 'तेरे बच्चे मैंने पैदा किए हैं।' कल शाम भी आरोपियों ने प्रकाश पर चोरी का झूठा आरोप लगाया और फिर वही भद्दा ताना दोहराया। लगातार मिल रहे अपमान और चरित्र पर किए जा रहे वार से प्रकाश अंदर तक टूट चुके थे, जिसके चलते उन्होंने आत्मघाती कदम उठा लिया।

### सुसाइड नोट में आरोपियों का जिक्र

परिजनों का दावा है कि प्रकाश ने मरने से पहले लिखे सुसाइड नोट में भारत साहू और राम साहू के नामों का स्पष्ट उल्लेख किया है और विस्तार से बताया है कि वे किस तरह उन्हें प्रताड़ित करते थे।

# संपत्ति के लिए साढू और साली ने बनाया दबाव

## तंग आकर युवक ने खाया जहर, 4 पर केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**संयोगितागंज थाना क्षेत्र के नवलखा इलाके में पिछले साल सितंबर में हुई एक आत्महत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी के मायके पक्ष के चार सदस्यों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है। आरोप है कि संपत्ति के विवाद में ससुराल पक्ष द्वारा दी जा रही मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने जहर खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली थी।**

पुलिस के मुताबिक, गत 26 सितंबर को द्वारकापुरी निवासी 40 वर्षीय अजय पिता रमेश ने नवलखा क्षेत्र में जहर खा लिया था, जिसकी बाद में मौत हो गई थी। मर्ग जांच के दौरान मृतक की मां दुर्गाबाई और भाई सूरज के बयानों में चौंकाने वाली बातें सामने आईं। परिजनों ने बताया कि अजय की दूसरी पत्नी ममता उर्फ रूपाली संपत्ति को लेकर अक्सर झगड़ा करती थी। ममता को उसके जीजा मुकेश, बहन सपना, भाई अंकित और अन्य परिजन लगातार भड़काते थे। आरोपी दबाव बना रहे थे कि अजय अपना मकान और अन्य संपत्ति अपने बेटे आर्यन के नाम कर दे।

जांच में यह बात सामने आई कि आरोपी फोन पर ममता को उकसाते थे और अजय को धमकी देते थे कि 'उसे हमारे पास लेकर आ, हम उसे अच्छे से समझा देंगे।' अजय अक्सर अपनी मां और भाई से रोते हुए कहता था कि वह ससुराल वालों के व्यवहार और उनके द्वारा दी जा रही प्रताड़ना से बहुत परेशान हो चुका है। ससुराल पक्ष के लोग उसे मानसिक रूप से इस कदर प्रताड़ित कर रहे थे कि उसने हार मानकर मौत को गले लगा लिया।संयोगितागंज पुलिस ने बयानों और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी मुकेश पिता कमलसिंह, सपना पति मुकेश दोनों निवासी प्रकाशचंद्र सेठी नगर, अंकित पिता गणपत चौहान निवासी अरिहंत नगर और छग्गी बाई उर्फ रेवती पति रामानंद चौहान निवासी हरिजन कॉलोनी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## फांसी पर झूली महिला

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। गांधी पैलेस कॉलोनी में रहने वाली 23 वर्षीय महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान प्रगति पति आनंद (23) निवासी गांधी पैलेस के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, प्रगति ने अज्ञात कारणों के चलते घर के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। महिला की 9 माह पूर्व ही शादी होने की जानकारी सामने आई है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## युवक को रोककर चाकू मारे

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** चंदन नगर पुलिस के मुताबिक, वारदात कल रात करीब 10:45 बजे नाके वाला रोड स्थित हनी कैफे के पास हुई। सकीना मंजिल निवासी अब्दुल रहीम अब्बासी पिता अब्दुल रउफ अपने दोस्त अरसलान के साथ स्कूटर से सामान लेने जा रहा था। जब वे कैफे के पास चाय पीने के लिए रुके, तभी वहां पहले से खड़े आरोपी मोहम्मद हुसैन पिता गुलाब सरवर ने उनका रास्ता रोक लिया। फरियादी अब्दुल रहीम ने पुलिस को बताया कि दोपहर में उसका मोहम्मद हुसैन से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी बात की रंजिश रखते हुए आरोपी ने उसे देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। जब अब्दुल रहीम ने विरोध किया, तो आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी और अचानक जेब से चाकू निकालकर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। चाकू के वार अब्दुल रहीम के सीने और चेहरे पर लगे, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। चीख-पुकार सुनकर जब आसपास के राहगीर जमा होने लगे, तो आरोपी मोहम्मद हुसैन वहां से भागने लगा। भागते समय उसने पीड़ित को धमकाया कि 'अगर आइंदा मुझसे टकराया तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।'

# लसूड़िया में युवक के कमरे पर धावा

## दोस्त से पूछताछ के बाद सोने की चेन और नकदी से भरा बैग ले भागे चार आरोपी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक युवक के कमरे में घुसकर चोरी और दबंगई करने का मामला सामने आया है। यहाँ स्कीम नंबर 78 स्थित एक मल्टी में रहने वाले युवक के घर चार आरोपी पहुँचे और कमरे में मौजूद उसके दोस्त को डरा-धमकाकर कीमती सामान से भरा बैग लूट ले गए। पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, यह वारदात फ्रेजो मल्टी स्कीम नंबर 78 में 15 जनवरी की रात करीब 1 बजे हुई। महालक्ष्मी नगर निवासी फरियादी देव कुमार पिता सुनील कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि उस समय उसका दोस्त दर्शन कमरे पर अकेला था। तभी आरोपी गगन यादव, मनीष यादव, ओम यादव और देवेश यादव सभी निवासी निपानिया वहां आ धमके। आरोपियों ने दर्शन से देव कुमार के बारे में पूछताछ की। जब दर्शन ने देव के बारे में जानकारी होने से इनकार किया, तो आरोपियों ने कमरे की तलाशी ली और वहां रखा देव कुमार का ट्रॉली बैग उठाकर ले गए। पीड़ित के मुताबिक, चोरी गए बैग में सोने की चेन, नकद राशि और अन्य महत्वपूर्ण सामान रखा हुआ था। घटना के बाद घबराए दोस्त ने देव को सूचित किया, जिसके बाद लसूड़िया थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शुरुआती जांच में मामला आपसी रंजिश या पुराने विवाद से जुड़ा हुआ लग रहा है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# सूने मकान पर बदमाशों का धावा

## 30 तोला सोना और डेढ़ लाख नकद ले उड़े

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के रणजीत हनुमान रोड स्थित एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात बदमाशों ने लाखों रुपये की चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने घर का ताला तोड़कर न केवल नकद राशि, बल्कि करीब 25 से 30 तोला सोने के जेवरात और चांदी के बर्तन भी साफ कर दिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक, यह घटना उषा नगर निवासी महेंद्र सिंह गेहलोत के मकान में 19 जनवरी की रात करीब 8 बजे हुई। अज्ञात बदमाशों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और इत्मीनान से अलमारियों में रखा कीमती सामान समेट लिया। चोरों ने भगवान की चांदी की थाली, गिलास, चम्मच, कटोरी के साथ ही चांदी की पायल और ब्रेसलेट चोरी कर लिए। सबसे ज्यादा नुकसान सोने के जेवरातों का हुआ है, जिसमें एक हार सेट, एक छोटा हार सेट, एक रानी हार, मांग टीका, चेन, चार चूड़ियां, पांच अंगूठियां और दो टॉप्स शामिल हैं। इसके अलावा अलमारी में रखे 1 लाख 50 हजार रुपये नकद भी चोर अपने साथ ले गए। फरियादी महेंद्र सिंह के मुताबिक, चोरी गए सोने की कुल मात्रा लगभग 25 से 30 तोला के बीच है। सूचना मिलते ही अन्नपूर्णा पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुँचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि बदमाशों के आने-जाने के मार्ग और उनकी पहचान का सुराग लग सके।

# बच्चे को प्यार से थपथपाना पड़ा भारी, युवक का सिर फोड़ा

**इंदौर।** पलासिया थाना क्षेत्र में एक युवक को बच्चे के प्रति स्नेह दिखाना महंगा पड़ गया। महज एक गलतफहमी के चलते बच्चे के परिजनों ने युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की और डंडे से उसका सिर फोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, सिद्धार्थ नगर निवासी चेतन चाकरे बीती रात करीब 9:45 बजे बड़ी ग्वालटोली चांदनी चौक स्थित अपने दोस्त साहिल के घर गया था। घर के बाहर एक बच्चा खेल रहा था, जिसे चेतन ने अपने दोस्त का भतीजा समझकर प्यार से सिर पर थपथपा दिया। बच्चा दौड़कर घर के अंदर गया और परिजनों से शिकायत कर दी।शिकायत मिलते ही दीपक वर्मा, उसका भाई आशीष वर्मा और उनका किराएदार राजेश बाहर निकले और चेतन को घेर लिया।आरोपियों ने पहले तो उसे अश्लील गालियां दीं और फिर तीनों ने मिलकर उस पर हाथ-थप्पड़ों से हमला कर दिया। इसी बीच दीपक घर के अंदर से लकड़ी का डंडा उठा लाया और चेतन के सिर पर दे मारा। हमले में चेतन के सिर का बायां हिस्सा फट गया और खून बहने लगा।घटना गोपाल दूध डेयरी के पास हुई, जिसके बाद घायल चेतन थाने पहुँचा। पलासिया पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी दीपक, आशीष और राजेश के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अनिका की माता ने मांगी विराट कोहली और रोहित शर्मा से मदद

## वीडियो जारी कर कहा मैं सेल्फी लेने नहीं, मदद की बात करने गई थी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बेटी अनिका शर्मा को 9 करोड़ से अधिक का इंजेक्शन लगना है, जो अमेरिका से आना है। इसके लिए हर कोई मदद की जुगत कर रहा है। अनिका की माता ने इंदौर में हुए भारत-न्यूजीलैंड मैच के दौरान आए विराट कोहली और रोहित शर्मा से भी मदद की जुगत के लिए कोशिश की थी। अनिका को साथ में लेकर वह रोहित शर्मा तक पहुंच भी गई थी, लेकिन सुरक्षा घेरे के कारण माता अपनी बात रोहित शर्मा तक नहीं पहुंचा पाई। अब अनिका की माता ने वीडियो जारी कर कहा कि शायद उस समय यह लग रहा हो कि वे सेल्फी लेने आई हैं इसलिए उन्हें रोका गया और उनकी बात रोहित शर्मा तक भी नहीं पहुंची, लेकिन माता ने






अब वीडियो के माध्यम से विराट कोहली और रोहित शर्मा तक बेटी के इंजेक्शन के लिए गुहार की बात पहुंचाई है। माता ने यह भी कहा कि वह अपनी बेटी के मामले की स्थिति के कारण ही वहां तक पहुंची थी, क्योंकि मैं अपनी बच्ची की जान बचाने की कोशिश में हूं और परेशान भी हूं, जो कुछ हुआ उसके लिए क्षमा भी मांगती हूं। वीडियो के माध्यम से अब माता ने अपनी बात विराट कोहली और रोहित शर्मा तक पहुंचाने की कोशिश की है और उनसे मदद की गुहार भी की है।

# ऑनलाइन डिस्काउंट से पुश्तैनी गारमेंट्स कारोबार संकट में

## लोकल रिटेल संरक्षण नीति जरूरी, नहीं तो बढ़ेगा रोजगार संकट-अक्षय जैन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म और बड़े ब्रांड्स की आक्रामक डिस्काउंट नीति ने शहर के छोटे-मझले गारमेंट्स व्यापारियों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा कर दिया है। इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अक्षय जैन ने कहा कि मौजूदा हालात में स्थानीय और पुश्तैनी रिटेल व्यवसाय असमान प्रतिस्पर्धा से जूझ रहा है। यदि समय रहते ठोस नीतिगत निर्णय नहीं लिए गए, तो इसका सीधा असर रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। अक्षय जैन ने बताया कि ऑनलाइन कंपनियां और मल्टीनेशनल ब्रांड भारी छूट का प्रचार कर ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं, जबकि स्थानीय व्यापारी सीमित पूंजी, बढ़ते किराये, बिजली बिल और टैक्स बोझ के बीच ईमानदारी से कारोबार कर रहा है। 'यह मुकाबला कीमत का नहीं, बल्कि संसाधनों का हो गया है, जिसमें छोटा व्यापारी पीछे छूटता जा रहा है,'उन्होंने बताया कि इंदौर जैसे व्यापारिक शहर में गारमेंट्स रिटेल सेक्टर हजारों परिवारों की आजीविका का साधन है। इसके बावजूद यह वर्ग नीतिगत उपेक्षा का शिकार है। एसोसिएशन की ओर से शासन को सुझाव भेजे गए हैं, जिनमें अनियंत्रित और भ्रामक डिस्काउंट पर नियंत्रण, लोकल रिटेल संरक्षण नीति लागू करने, डिजिटल सशक्तिकरण के लिए प्रशिक्षण व सब्सिडी तथा पारंपरिक बाजार क्षेत्रों में पार्किंग व अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास की मांग की गई है। अक्षय जैन ने कहा कि स्थानीय व्यापारी कीमत में नहीं, बल्कि भरोसे, सेवा और गुणवत्ता में प्रतिस्पर्धा करता है। 'ग्राहक को सही सलाह, बेहतर फिटिंग और बिक्री के बाद की सेवा आज भी लोकल बाजार ही देता है। जरूरत है कि शासन और समाज दोनों मिलकर इस भरोसे को मजबूत करें,' उन्होंने कहा। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की कि वे खरीदारी में 'लोकल से खरीदो' को प्राथमिकता दें। इससे न केवल स्थानीय व्यापार मजबूत होगा, बल्कि शहर की आर्थिक सेहत भी बेहतर बनी रहेगी और पुश्तैनी व्यवसायों की अगली पीढ़ी को आगे बढ़ने का भरोसा मिलेगा।

-आलेख-अक्षय जैन



### आयुक्त ने लगाई देरी पर ठेकेदारों को फटकार

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा बांगड़दा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सतपुड़ा परिसर, गिरनार परिसर एवं शिप्रा परिसर का निरीक्षण किया गया। सिंघल ने आवासीय इकाइयों के निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया। इस दौरान यह पाया गया कि कुछ परिसरों में निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण नहीं हो पाया है। इस पर आयुक्त ने संबंधित ठेकेदारों को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य में अनावश्यक देरी पर नाराजगी व्यक्त की और निर्माण कार्यों में तत्काल तेजी लाने के निर्देश दिए।

# एआरओ ने अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव के खिलाफ खोला मोर्चा

## प्रतिमाह बंदी देने का दबाव बनाने का आरोप

## भारतीय मजदूर संघ ने निगम आयुक्त को लिखा पत्र

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम के असिस्टेंट रेवेन्यू ऑफिसर (एआरओ) ने राजस्व अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एआरओ ने उन पर प्रतिमाह बंदी देने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। साथ ही निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल को शिकायती पत्र लिखा है, जिसमें बताया गया है कि अपर आयुक्त श्रीवास्तव द्वारा एआरओ को धमकी दी जा रही है कि यदि प्रतिमाह बंदी नहीं दी जाती है तो नोटशीट लिखकर सस्पेंड कर दूंगा।मामले में भारतीय मजदूर संघ के माध्यम से एआरओ ने अपनी समस्या निगम आयुक्त को बताई है। वहीं अपर आयुक्त ने अपने ऊपर लगे आरोपों को लेकर कोई सफाई नहीं दी है।

इंदौर नगर निगम के एआरओ अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव के खिलाफ लामबंद हैं। भारतीय मजदूर संघ ने निगम आयुक्त को लिखे पत्र में स्पष्ट किया है कि 13 दिसंबर 2025 को आयोजित लोक अदालत के दौरान नगर निगम के राजस्व विभाग के एआरओ ने मिलकर 100 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व वसूलने का रिकॉर्ड बनाया। पूरा विभाग ईमानदारी और मेहनत के साथ काम कर रहा है, लेकिन अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव द्वारा धमकी देकर प्रतिमाह बंदी देने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही बंदी नहीं दिए जाने पर सस्पेंड करने की धमकी दी जा रही है। भारतीय मजदूर संघ इंदौर ने पत्र में लिखा है कि यदि अपर आयुक्त श्रीवास्तव द्वारा एआरओ पर निलंबन से संबंधित कोई भी कार्रवाई की जाती है, तो सभी कर्मचारियों द्वारा काम बंद हड़ताल और आंदोलन किया जाएगा। वहीं राजस्व विभागीय सूत्रों के अनुसार, अपर आयुक्त श्रीवास्तव को लेकर कर्मचारियों में गहरी नाराजगी है। उनके इस रवैये से कर्मचारी खुश नहीं हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वे पूरी मेहनत और लगन के साथ अपना काम कर रहे हैं। इस मामले में जब अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव का पक्ष जानने के लिए उनसे बात करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं मामले में निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने जांच की बात कही है।

# अब गांव वालों से कहेंगे विद्यार्थियों को दो भोज

## प्रदेश की सभी ग्राम पंचायत में 24 जनवरी से होगी ग्राम सभा वीबी जी राम जी पर होगी चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**राज्य सरकार के द्वारा अब गांव के नागरिकों से कहा जाएगा कि वह अपने परिवार के उत्सव के दिन गांव के स्कूल के विद्यार्थियों को भोज दिया करें। प्रदेश की सभी ग्राम पंचायत में 24 जनवरी से ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस ग्राम सभा में वीबी जी राम जी योजना पर चर्चा की जाएगी।**

राज्य सरकार के द्वारा कल एक परिपत्र जारी किया गया है। यह परिपत्र सभी जिलों के कलेक्टर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भेजा गया है। इंदौर में प्राप्त हुए परिपत्र में कहा गया है कि अब प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में वरिष्ठ नागरिकों को यह कहा जाएगा कि वह त्यौहार के मौके पर अथवा अपने परिवार में किसी का जन्मदिन या मांगलिक कार्यक्रम होने पर गांव के विद्यालय में विद्यार्थियों को भोज दिया करें। गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस बार 24 से 28 जनवरी के बीच हर गांव में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस ग्राम सभा में नागरिकों को सोलर एनर्जी का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके साथ ही इस ग्राम सभा में विबी जी राम जी योजना पर चर्चा की जाएगी। सरकार की ओर से जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अधूरे कामों को पूरा करने और नए काम को इस साल के झंडा में शामिल करने पर भी इस ग्राम सभा में विचार किया जाएगा सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्र की अविवाहित महिलाओं को भी स्वस्थ सहायता समूह से जोड़ दिया जाए। इसके साथ ही पहले से इस समूह से जुड़ी महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाने के लिए काम किया जाए।

### इस साल के विकास का एजेंडा बनेगा

इस बार की ग्राम सभा में वर्ष 2026 में ग्रामीण क्षेत्र में किए जाने वाले विकास के कार्यों का एजेंडा भी तैयार किया जाएगा। ग्राम पंचायत को इस बात के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा कि वह अपने राजस्व के स्रोत को बढ़ाएं और आत्मनिर्भर पंचायत की ओर अग्रसर हो।

## साहित्यिक गोष्ठी में रचना पाठ

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

हिन्दी साहित्य समिति और म.प्र. लेखक संघ के



तत्वावधान में साहित्यिक गोष्ठी में रचना पाठ की प्रस्तुतियां हुई। डॉ. दीप्ति गुप्ता, हरेराम वाजपेयी, दिनेश दवे, सुरेन्द्र व्यास, दिनेश तिवारी, डॉ. छाया गोयल, दीपक शिरालकर, सुधीर लोखण्डे, सन्तोष मोहन्ती ने अपनी भूमिका निभाई।





## शहीद हेमू कालानी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

आज बड़ी संख्या में सिंधी समाजजन शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा कलेक्टर तिराहा पर पहुंचे और उनके बलिदान दिवस पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। भाजपा नेता, ड्रग एसोसिएशन और सिंधी समाज से जुड़े जेपी मूलचंदानी ने भी माल्यार्पण किया। वहीं सिंधी समाज के समूह ने भी श्रद्धांजलि दी, जिसमें राजेन्द्र सचदेव, कंचन गिदवानी, हरीश दावानी, मंशाराम राजानी, नन्दलाल खतोरिया, नरेन्द्र इसरानी, गीता जेठवानी, मनीषा तिवारी, रीतू जेसवानी सहित अन्य मौजूद थे।



## जैन समाज के 350 श्रद्धालु को किया सम्मेदशिखरजी के लिए रवाना

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जैन समाज के 350 सदस्यों का धार्मिक दल कल रात क्षिप्रा एक्सप्रेस से मांगीलाल मंडल की अगवाई में तीर्थराज श्री सम्मेदशिखर के लिए रवाना हुआ। मनमोहन झांझरी, धर्मेन्द्र पाटनी ने बताया कि इन श्रद्धालुओं के साथ परिवार और निकट के लोग भी रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में इस धार्मिक यात्रा के लिए जा रहे जैन समाजजनों को विदाई देने पहुंचे थे। सभी यात्री सम्मेदशिखरजी पहुंचकर वहां 27 किलोमीटर पर्वतराज की परिक्रमा भी करेंगे और 54 किलोमीटर की परिक्रमा भी देंगे। कल स्टेशन पर मनमोहन झांझरी, वीरेन्द्र बड़जात्या, संदीप गंगवाल, धर्मेन्द्र पाटनी, मनीष गंगवाल अल्लू, राजेश पाण्डया, भरत काला, अजय रावका, अजयपाल टोंग्या, अनिल भोखाखेड़ी, सुशील पाण्डया, श्रीपाल टोंग्या, संगीता पाटोदी, आलोक जैन, तेजू पाटोदी, संजय जैन बगड़ी सहित अन्य मौजूद थे।

## आज से तीन दिवसीय बसंत उत्सव आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्री राम मंदिर अवंतिका नगर में तीन दिवसीय बसंत उत्सव आज से बालकदास महाराज के सानिध्य में उत्सव की शुरूआत अखंड रामायण पाठ से की जा रही है। कल 22 जनवरी को दोपहर 2 बजे से रामजी की पालकी यात्रा और 23 जनवरी को शाम 4 बजे से प्रसादी वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। यह आयोजन 22 वर्षों से किया जा रहा है। उक्त जानकारी अनूप शुक्ला ने दी।

## पाठक को विवेकानंद गौरव अलंकरण सम्मान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** संस्था कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट एवं इंदौर सेवा ट्रस्ट द्वारा बाल विवाह और कुप्रथा रोकने के लिए महेन्द्र पाठक को विवेकानंद गौरव अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया। प्रकाश मानावत, अलका सेनी, प्रतीक श्रीवास्तव, संगीता सिंह, शिव कोदिया, मोनिक मालवीय सहित अन्य मौजूद थे।





## प्रजापति ब्रह्माकुमारी संस्थान ने भी जलाए दीप

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

रीगल तिराहा स्थित इंडिया गेट पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने और उसके बाद राष्ट्रगान में शामिल होने में प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़े लोग एवं हरियोग केंद्र चेरीटेबल ट्रस्ट, एमजीएम अल्यूमीनि एसोसिएशन इंदौर हेल्थ सेन्ट्रल के पदाधिकारी और सदस्य भी पहुंचे। दीप भी जलाए गए।

## सत्यनारायण की कथा हवन और भंडारा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जगदगुरु श्री माधव गौ सेवा समिति इंदौर व बालाजी मंदिर समिति ऋषभ विहार कॉलोनी बायपास पर 108 अष्टोत्तरशत श्री सत्यनारायणजी की कथा, पूजन, हवन, भंडारा का आयोजन कल 22 जनवरी को किया जाएगा। स्वामी जानकी प्रपन्नाचार्य महाराज ने बताया कि इस तीसरे वर्ष में आयोजन कल सुबह 10 बजे से शुरू होगा और भंडारा शाम को होगा। दिन भर आयोजन धार्मिक रूप से चलेंगे। पप्पू गोस्वामी ने उक्त जानकारी दी।

## मेटल बीसी सोशल ग्रुप का परिवारिक मिलन एंड डांस मस्ती

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मेटल बीसी सोशल ग्रुप का परिवारिक मिलन एवं डांस मस्ती का आयोजन फार्म रिसोर्ट पर



आयोजित किया। इस अवसर पर कई गेम्स सदस्यों द्वारा खेलें गए। परिवारजनों में बच्चों से लेकर बड़ों तक ने फूल डांस मस्ती और तंबोला, चेयर कंट्री रेस, एवं अन्य गेम खेलें गए, जिनके विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने पूल और फाउंटेन का आनंद भी लिया। मुन्ना मंगल, पवन गोयल, संतोष गोयल, श्याम माहेश्वरी, राजू उपाध्याय, विजय बिंदल, सुभाष जड़ी बूटी, सुशील केडिया, अनिल अग्रवाल, विनोद बिंदल, प्रदीप जैन, मुकेश कंसल, सतीश गोयल, संजय बिंदल, अनिल अग्रवाल, मनोज गुप्ता, सुशील तोड़ीवाला, दिनेश पालीवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## सर्व समाज सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र का शुभारंभ

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** म.प्र. उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्राधिकृत सर्व समाज सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र का शुभारंभ न्यू देवास रोड पर डॉ. मोहम्मद शमीम एवं म.प्र. उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्रधिकरण के प्रभारी श्री दीपक शर्मा एवं प्रताप करोसिया, हेमराज वाडिया, मनजीतसिंह सलूजा, नरोत्तम महेश्वरी, मुफ्ती कमालुउद्दीन, पुरुषोत्तम यादव, राजेन्द्र होरा, राहुल निहोरे, दिनेश वर्मा, पुष्पेन्द्र यादव, रमेश गोमे, राजेश अग्रवाल (इजी),



करणसिंह गोलिया, रेणु बरकतिया, कैलाशचंद्र चौधरी, नवीन तिलवे, अजमद बोलिया, एजाज शेख, राजकुमार शेरे, जहाँगीर खान की उपस्थिति में किया गया।

## सियाराम बाबा की प्रतिमा का पाटोत्सव



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पीलिया खाल एरोड्रम रोड स्थित दास हनुमान बगीची पर कल जय सियाराम बाबा की मूर्ति का पाटोत्सव मनाया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दास बगीची पहुंचकर जय सियाराम बाबा की प्रतिमा के दर्शन पूजन किए। प्रतिमा का आज अनुपम श्रृंगार किया गया था। कैलाश कुसुमाकर, वीरेन्द्र गुप्ता, अशोक पटेल, देवेन्द्र पुजारी, सत्यनारायण शर्मा, रामनिवास सांखला, विमल पाणिग्रही, भीमराज राठौर, दिलीप विजयवर्गीय, हरिशचंद्र यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# माहेश्वरी समाज करेगा देशभक्ति उत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी समाज के सचिव मनोज कुइया ने बताया कि संस्था द्वारा देशभक्ति उत्सव, सम्मान समारोह, स्नेह भोज का आयोजन 26 जनवरी की शाम 5.30 बजे से रिंगरोड स्कीम 71 स्थित गार्डन पर किया जाएगा। कार्यक्रम प्रभारी घनश्याम झंवर और समन्वयक राधेश्याम काबरा के अलावा संयोजक दीपक सोमानी, विनोद काबरा, आशीष बाहेती, सहसंयोजक मनीष कुइया,पंकज चिंचाणी, गोपाल मानधन्या को बनाया गया है। समाजसेवियों का सम्मान भी होगा। जिनमें मरणोपरांत स्व. रामस्वरुप धूत के अलावा समाजसेवी अमृतलाल असावा, मनोरमा लाहोटी का भी सम्मान किया जाएगा। इस वार्षिक स्नेह सम्मेलन में अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी समाज के अलावा अन्य माहेश्वरी समाजजनों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में अतिथि घनश्याम मालपानी, ओमप्रकाश डांगरा रहेंगे।

# मारु प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह आयोजन होगा



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री सकल पंच मारु प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 फरवरी को दलालबाग में 40 वर-वधू के दाम्पत्य जीवन को लेकर आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियां जारी है। बडा गणपति बाबा को आयोजन का पहला निमंत्रण देने के लिए समाजजनों का एकत्रिकरण हंसदास मठ पर हुआ और फिर वहां से पारम्परिक वेशभूषा में ढोल-धमाकों के साथ बप्पा की मनुहार की। जितेन्द्र घटेरवाल, ओमप्रकाश दुरान, खैमराज सुवटा छगनलाल बोरावड़ संदीप नादिवाल प्रकाश जिनोदिया मुकेश सालड़ीवाल सुनील कपूरपुरा, ओम मामोड़िया, सत्यनारायण गेंदर, कमल सुवटा, मुकेश कपूपुरा, हरि शंकर असावला, दिलीप बोरावड, कमल बोरावड, रोहित सियोटा विमल सालड़ीवाल, सत्यनारायण मांधनिया, मदन मांधनिया,तृप्ति घटेरवाल,तुलसी प्रजापत, रेणु सुवटा, अनिता जिनोदिया,कविता सुवटा,सपना दुरान,राजू बोरावड़,मंजू ढूंढाडा,चंद्रकांता साल्डीवाल मंजू जिनोदिया,बरखा जिनोदिया, सीमा घोडेला, गोपाल घोड़ेला सहित अन्य मौजूद थे।

# मेनारिया समाजजन पहुंचे बिहू अटैक फिल्म देखने




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मेनारिया ब्राह्मण समाजजनों ने अपने समाज के युवा एक्टर देव मेनारिया की बहुचर्चित फिल्म बिहू अटैक परिवार के साथ देखी। साईं ज्योति फाउंडेशन के संस्थापक साईं भक्त सूरज जोशी ने बताया जसराज मेहता, भेरूलाल जोशी, प्रकाश जोशी, सोनाली जोशी, सूरज जोशी, सूर्यांश जोशी सहित समाज के अन्य सदस्यों ने बालीवुड में नाम कमाने और समाज का नाम रोशन करने वाले मेनारिया समाज के बेहतरीन एक्टर युवा कलाकार देव मेनारिया की फिल्म देखी।



# नशा नियंत्रण प्रकोष्ठ का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश नशा नियंत्रण प्रकोष्ठ के सयोजक राजेश्वर लोनकर ने बताया कि हिन्दी साहित्य समिति में कार्यक्रम आयोजित किया जिसके अतिथि दिलीप राजपाल, जानकीलाल पटेरिया सुखदेव खरबड़ीकर, अनिता बहन, उषा बहन थे। संचालन नामदेव ने किया। स्वागत अनिता पटेल ने किया।

# अग्रवाल कुटुंब में जोड़े जा रहे हैं लगातार सदस्य

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अग्रवाल समाज का नया अग्रवाल कुटुंब ग्रुप बना तो 1100 सदस्य जोड़ने के लिए उस पर प्रयास किए जा रहे हैं। संगठन की पहली बैठक भी हुई थी, जिसमें 11 युवाओं ने अपनी सहमति दर्ज कराई थी।



अरविंद वेल्युअर, राजेश मित्तल, अमृत गोयल, मनोज अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, मनीष जिंदल, सचिन अग्रवाल, रीतेश मित्तल, विकास जिंदल, अमित ब्रजमोहन अग्रवाल, रत्नेश गोयल, भावेश अग्रवाल, रीतेश राजवंशी मौजूद थे।



# आध्यात्मिक संगीत समारोह

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रचनात्मक संस्था उत्थान द्वारा गीता भवन सत्संग हॉल में एन. के. शुक्ला की स्मृति में आध्यात्मिक संगीत समारोह का आयोजन किया गया। लक्ष्मी पांडे ने प्रस्तुतियां दी। मनोज द्विवेदी, श्रीकृष्ण सारस्वत,महामंडलेश्वर भास्करानंद महाराज, महामंडलेश्वर दादू महाराज, कृष्ण प्रजापति, इंजीनियर गौरव शुक्ला, मोहन शर्मा, हर्ष दीक्षित, अभिषेक शुक्ला, डॉ. नूतन शुक्ला, गिरीश चव्हाण, डॉ. सुरेश सिलावट, रमेश सोनवाने, अजय शुक्ला, सत्यम पटेल, राज पाठक मौजूद थे।

# निताई दास महाराज के मुखारबिंद से होगी भागवत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पश्चिमी क्षेत्र के राधारानी कुंज पल्हर नगर में 27 जनवरी से 2 फरवरी शाम 5 से 9 बजे तक भागवत कथा का आयोजन कथा वाचक निताई दास महाराज के मुखारबिंद से होगा। कथा के पूर्व 26 जनवरी शाम 4 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।

# स्मृति में किया पौधारोपण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शौर्य नमन फाउंडेशन द्वारा कल बलिदानियों की स्मृति में अलग-अलग शिक्षण संस्थानों में पौधारोपण अभियान चलाया। रमेश शर्मा, विक्की मालवीय, अक्षय तरहालकर मौजूद रहे।



# अमर कथा साहिब की विधिवत स्थापना



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अन्नपूर्णा रोड स्थित झूलेलाल मंदिर क्रांति कृपलानी नगर में भगवान झूलेलाल की अमर कथा साहिब को विधिवत विराजित किया गया। जिनका नित्य सहज पाठ भी किया जाएगा। सिंधु मातृशक्ति ग्रुप की मंजु ठाकुर ने बताया कि विगत दो साल से पाठ साहिब स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे थे। इसी कड़ी में भरूच गुजरात में झूलेलाल मंदिर से भगवान झूलेलाल के 26वें वंशज साईं मनीष लाल जी ठाकुर ने स सम्मान उन्हें पाठ साहिब सौंपा था और सिंधु सेवा परिषद के मार्गदर्शन में सिंधु मातृशक्ति ग्रुप ने विधि विधान से पाठ साहिब स्थापित किया। पूजन, हवन, महाआरती, प्रसादी का आयोजन किया गया। मंजू ठाकुर, टिशा आयिलानी, जया कल्याणी, मोनिका बुथलानी, मुस्कान फेरवानी, किरण गिदवानी, सुशीला लखानी, परिधि भावनानी, नीलम खत्री, जयवंती तेजवानी मौजूद थे।

# राठौर बने प्रदेश अध्यक्ष

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



मोदी राठौर युवा सेना के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राठौर ने युवा सेना प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष पद पर इंदौर कनाड़िया के अशोक राठौर को अध्यक्ष नियुक्त किया। इस नियुक्ति पर विपिन राठौर, जयहिंद राठौर, सुमेन्द्र राठौर, रवि राठौर, भूपेंद्र राठौर, दिलीप राठौर, महेश राठौर, अजय राठौर, हीरालाल राठौर, आनंद राठौर ने बधाई दी।

# झंडावंदन के बाद अत्रे का सम्मान होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गांधीनगर मंगल मार्ग पर गणतंत्र दिवस पर झंडा वंदन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि टीआई अनिल यादव, रत्नप्रभा पोरवाल होंगे। प्रिया अत्रे का सम्मान भी किया जाएगा।

# नेशनल हिप कोर्स और इंडोकॉन तीन दिनों तक होगा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** तीसरे नेशनल हिप कोर्स और इंडोकॉन 2026 की शुरुआत 23 जनवरी से तीन दिवसीय आयोजन 25 जनवरी तक चलेगा, जिसमें देशभर के ऑर्थोपेडिक सर्जन, जॉइंट रिप्लेसमेंट एक्सपर्ट्स, रेज़िडेंट डॉक्टर और रिसर्चर्स भाग लेंगे। कोर्स और कॉन्फ्रेंस हिप सर्जरी, ट्रॉमा केयर, आधुनिक तकनीकों और उभरती प्रैक्टिस पर केंद्रित होगी। इंडोकॉन में पहली बार इंदौर में लेटेस्ट टेक्निक और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञता एक साथ देखने को मिलेगी। कैडेवर कोर्स में 100 से अधिक डेलीगेट्स भाग लेंगे और इंग्लैंड, साउथ कोरिया और कनाडा से तीन इंटरनेशनल फैकल्टी रहेंगी। यह हिप सर्जरी सीखने के किसी भी स्थानीय आयोजन में सबसे बड़ी भागीदारी होने जा रही है। कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन डॉ. हेमंत मंडोवरा ने कोर्स और कॉन्फ्रेंस के बारे में कहा कि इन तीन दिनों में शहर की ऑर्थोपेडिक और सर्जिकल फील्ड की बढ़ती हुई क्षमता देखने को मिलेगी।



हमारा फोकस 'हिप प्रिज़र्वेशन' पर रहेगा, जो युवा मरीजों में प्राकृतिक जोड़सुरक्षित रखने में मदद करती हैं। इसके अलावा कॉम्प्लेक्स हिप रिप्लेसमेंट, रिवीज़न आर्थ्रोप्लास्टी और रोबोटिक सर्जरी पर भी सेशन्स रखे गए हैं। संक्षेप में कहें तो यह सम्मेलन सिर्फ अकादमिक चर्चा का मंच नहीं, बल्कि स्किल और टेक्नॉलॉजी के ट्रांसफर का मौका भी है।' इसके साथ ही एआई आधारित हिप सर्जरी टेक्निकपर एक सत्र आयोजित होगा, जिसमें 3डी प्री-ऑपरेटिव प्लानिंग, इमेज-बेस्ड एनालीसिस, वर्चुअल मॉडलिंग और नेविगेशन सिस्टम का उपयोग किस तरह सर्जरी को अधिक सटीक, सुरक्षित और मरीज-केंद्रित बनाता है। इस पर विशेषज्ञ विस्तार से चर्चा करेंगे। प्रैक्टिकल डिमॉन्स्ट्रेशन में आधुनिक सर्जिकल उपकरणों, इम्प्लांट, नई प्रक्रियाओं का वास्तविक उपयोग दिखाया जाएगा ताकि प्रतिभागी तकनीक की बारीकियों को नजदीक से समझ सकें। इन सभी कारणों से इस बार यह अधिक व्यापक, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन और अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन बनने जा रहा है। डॉ. अर्जुन जैन ने भी हिप फ्रेक्चर के मामले में जानकारी दी। 23 जनवरी को कैडेवरिक वर्कशॉप एवं कॉम्प्लेक्स हिप सर्जरी की हैंड्स ऑन ट्रैनिंग दी जाएगी। 24 और 25 जनवरी को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में वैज्ञानिक सेशन्स आयोजित होंगे।

# पुलिस परिवार के लिए शक्ति विश्राम गृह और झूलाघर

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पुलिस परिवार और कर्मियों के लिए सुविधा की दृष्टि से शक्ति विश्राम गृह एवं झूलाघर का निर्माण पुलिस लाइन इंदौर में किया गया, जिसका शुभारंभ कल डीसीपी हैड क्वाटर द्वारा किया गया। खासतौर से महिला पुलिस कर्मियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए यह विश्राम गृह और झूलाघर बनाया गया है, जिसमें महिला पुलिसकर्मी अपने बच्चों को रखकर निश्चिंत होकर अपनी ड्यूटी कर पाएगी और





आवश्यकता पड़ने पर ड्यूटी के बीच इस विश्राम गृह में कुछ समय आराम भी कर सकेगी। पुलिस कमिश्नर ने निर्देश देकर यह विश्राम गृह और झूलाघर तैयार करवाया, जिससे पुलिस कर्मियों के छोटे बच्चों को इस झूलाघर में सुविधा मिलेगी और महिला पुलिसकर्मी निश्चिंत होकर ड्यूटी दे पाएगी। बच्चों को रखने के साथ छोटे बच्चों के लिए प्रारंभिक शिक्षा की व्यवस्था भी है, जिसमें शैक्षणिक सिखाया भी जा सकेगा।

## कुशवाह भारतीय पत्रकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष



**खरगोन (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पत्रकार श्याम कुशवाह को भारतीय पत्रकार संघ (एआइजे) का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति एआइजे के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री ने यूथ विंग के राष्ट्रीय महासचिव रणजीत सिंह की अनुशंसा पर की है। कुशवाह वर्तमान में एआइजे के जिलाध्यक्ष भी हैं। उक्त नियुक्ति पर पत्रकार साथियों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कुशवाह को बधाई दी है।



## हेलमेट पहनें-सुरक्षित रहें अभियान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पुलिस का हमेशा की तरह इस बार भी वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में हेलमेट पहनें सुरक्षित रहें अभियान पलासिया चौराहा पर चलाया गया। हेलटमेट और उपहार वितरित किए गए। हेलमेट लगाने वालों को शाबासी भी दी गई। पुलिस कमिश्नर संतोषकुमार सिंह ने ऐसे वाहन चालक जिनके पास कागजात पूर्ण थे उन्हें बतौर सुरक्षा हेलमेट प्रदान किए और जिनके पास कागजात पूरे नहीं थे उनका चालान बनवाया, जिनके कागजात पूर्ण थे हेलमेट लगाए हुए थे उनकी प्रशंसा भी की गई।

## विमानतल के पहले ही रोड पर खड़े कर देते हैं वाहन

### पार्किंग शुल्क ज्यादा होने की वजह से लोग बाहर लगा रहे है अपना वाहन





**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इन्दौर विमानतल पर पार्किंग करने वालों को पार्किंग शुल्क ज्यादा देना पडता है और अपने वाहन पार्क करने और निकालने में भी परेशानी का सामना करना पडता है। इसीलिए लोग पार्किंग शुल्क बचाने और परेशानी से बचने के लिए अपने वाहनों को एयरपोर्ट से बाहर मुख्य मार्ग पर ही पार्क कर देते है, पुराने टर्मिनल भवन से नए टर्मिनल भवन जाने वाले मार्ग तक मुख्य मार्ग पर ही पार्क करने से यहां से निकलने वाले वाहनों में परेशानी आती है। यातायात पुलिस और क्षेत्रीय पुलिस का ध्यान नहीं होने की वजह से आम लोग कई बार परेशानी का सामना करते है।



## नर्मदा लाइन में मिले ड्रेनेज फाल्ट को ढूंढने की जुगत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** राऊ विधानसभा के वार्ड 74 में लगातार शिकायत हो रही है कि नर्मदा के जल के साथ ड्रेनेज का पानी पहुंच रहा है। भागीरथपुरा के बाद हर क्षेत्र में शुद्ध जल को लेकर चिंता की जा रही है। इसी कड़ी में वार्ड 74 में भी ड्रेनेज और नर्मदा लाइन के मिलने के फाल्ट को ढूंढने का काम किया जा रहा है। छाया- नीलेश वर्मा।

# भोजशाला में पूजा और नमाज को लेकर सुप्रीम सुनवाई...

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि, नितिन राठौर)।** धार भोजशाला में बसंत पंचमी पर अखण्ड पूजा होंगी या शुक्रवार आने से जुमे की नमाज होंगी, इस मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होंगी। भोजशाला में बसंत पंचमी 23 जनवरी को लेकर पूजा और नमाज का विवाद अब देश की सर्वोच्च अदालत में पहुँच गया है।

इस मामले में क़ल गुरुवार, 22 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में महत्वपूर्ण सुनवाई होनी तय हुई है, इस वर्ष बसंत पंचमी शुक्रवार के दिन पड़ रही है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के 2003 के आदेश के अनुसार, हिंदुओं को बसंत पंचमी पर दिनभर पूजा और मुस्लिमों को हर शुक्रवार दोपहर 1 से 3 बजे तक नमाज की अनुमति है, जब ये दोनों एक ही दिन पड़ते हैं, तो पूजा जारी रहेगी या नमाज होगी, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से वकील विष्णु शंकर जैन ने याचिका दायर कर मांग की है कि 23 जनवरी को भोजशाला में केवल अखंड सरस्वती पूजा की अनुमति दी जाए और जुमे की नमाज पर रोक लगाई जाए। भोजशाला विवाद में अब आगे की कार्यवाही पूरी तरह से सुप्रीम कोर्ट के गुरुवार, 22 जनवरी के फैसले पर टिकी हुई है।अदालत यह तय करेगी कि 23 जनवरी (शुक्रवार) को बसंत पंचमी के दिन




ASI के 2003 के आदेश के तहत नमाज और पूजा दोनों क़ा समय आवंटित किया जाए, या हिंदू पक्ष की मांग के अनुसार उस दिन केवल अखंड सरस्वती पूजा की अनुमति दी जाए, वही सुरक्षा की दृष्टि से कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए धार में भारी पुलिसबल तैनात किया गया है और प्रशासन हाई अलर्ट है, इससे पहले 2006, 2013 और 2016 में भी ऐसी ही स्थिति बनी थी, जब बसंत पंचमी और शुक्रवार एक साथ आए थे, जिसके कारण क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल उत्पन्न हुआ था। अब सभी की नजरें सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर टिकी हैं कि क्या इस वर्ष बसंत पंचमी पर 'अखंड पूजा' का अधिकार मिलेगा या पुरानी व्यवस्था के अनुसार नमाज के लिए समय दिया जाएगा...

## संपादकीय

# पिटाई, भूख और खामोशी, सीआरपीएफ परिसर में 10 साल की बच्ची को यातना

ग्रेटर नोएडा के सीआरपीएफ परिसर में इस घटना का पता तब चला, जब आरोपी जवान ने अपने आवास पर काम के लिए रखी दस वर्ष की बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में एक बच्ची को घरेलू सहायिका बनाकर रखने तथा उसके साथ मारपीट एवं क्रूरतापूर्ण व्यवहार करने की घटना न केवल मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली है, बल्कि यह समाज में कुछ लोगों की कुंठित और विकृत मानसिकता को भी उजागर करती है। हैरत की बात है कि यह सब सुरक्षा का जिम्मा संभाले सीआरपीएफ यानी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के रिहाइशी परिसर में हुआ। आरोपी इसी बल का कर्मी है और पुलिस ने उसे और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। कहा जा रहा है कि आरोपी ने घरेलू काम के लिए इस बच्ची को अपने आवास पर रखने की आधिकारिक अनुमति नहीं ली थी। ऐसे में सवाल है कि इस मामले में कार्रवाई करने में इतनी देरी क्यों हुई? क्या आसपास रहने वाले दूसरे कर्मियों को इस बात की जानकारी नहीं थी कि उनका कोई सहयोगी एक बच्ची से घर का काम करवाता है और उसके साथ मारपीट करता है? गौरतलब है कि ग्रेटर नोएडा के सीआरपीएफ परिसर में इस घटना का पता तब चला, जब आरोपी जवान ने अपने आवास पर काम के लिए रखी दस वर्ष की बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सीय जांच में बच्ची के शरीर पर कई जख्म पाए गए और उसमें खून की मात्रा भी बहुत कम पाई गई। पूछताछ में पता चला कि आरोपी और उसकी पत्नी इस बच्ची से अक्सर मारपीट करते थे और कई बार भोजन भी नहीं देते थे। यह जानते हुए कि बाल श्रम कराना अपराध है, इसके बावजूद एक बच्ची को घर पर काम के लिए रखना और उसके साथ मारपीट करना, यह किस तरह की मानसिकता को दर्शाता है। क्या कुछ लोगों के भीतर कानून का खौफ इस कदर खत्म हो गया है? हालांकि सीआरपीएफ ने विभागीय कार्रवाई के तहत आरोपी जवान को निलंबित कर दिया है, लेकिन पीड़ित बच्ची ने जो यातना झेली है, उसकी भरपाई कैसे संभव हो पाएगी। इस सवाल पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि अगर सुरक्षा बल का कोई जवान ही गैरकानूनी और संवेदनहीन कृत्य में संलिप्त हो, तो आम आदमी खुद को कैसे सुरक्षित महसूस करेगा।

## डब्ल्यूपीएल में पहली बार लीग फेज में मुंबई को मिलीं इतनी हार

**नई दिल्ली।** वुमेंस प्रीमियर लीग यानी डब्ल्यूपीएल की मौजूदा चैंपियन और सबसे ज्यादा दो खिताब जीतने वाली टीम मुंबई इंडियंस है। मुंबई इंडियंस ने 2025 में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर दूसरा खिताब जीता था। टूर्नामेंट के चौथे सीजन में मुंबई इंडियंस ने दमदार शुरुआत की, लेकिन हैरानी की बात ये है कि मुंबई इंडियंस का इस सीजन गुरूर टूट गया है। डब्ल्यूपीएल के इतिहास में पहली बार लीग फेज में मुंबई इंडियंस को चार मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। इससे टीम के प्लेऑफ्स में पहुंचने में भी परेशानी होने वाली है, क्योंकि टीम 6 मैचों में से सिर्फ दो ही मैच अभी तक जीत पाई है।मुंबई इंडियंस का ये डब्ल्यूपीएल में चौथा सीजन और टीम पहली बार लीग फेज में 4 मैच हारी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स ने एक-एक बार मुंबई इंडियंस को हराया है, जबकि यूपी वॉरियर्स ने लगातार दो मैचों में मुंबई इंडियंस को इस सीजन पटका है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स के खिलाफ इस सीजन मुंबई ने एक-एक मैच जीता है। हालांकि, अच्छी बात ये है कि 6 मैचों में से चार मैच हारने के बावजूद एमआई टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर कायम है। नेट रन रेट भी मुंबई इंडियंस का प्लस में चल रहा है, जो अच्छा संकेत है। आपकी जानकारी के लिए बता दें, वुमेंस प्रीमियर लीग में एक एलिमिनेटर और एक फाइनल होता है। पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचती है और दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाली टीम को एलिमिनेटर मैच खेलना होता है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 155000 | 155100 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 307000 | 324900 |

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# पांच दिवसीय अखण्ड कीर्तन समागम कल से होगा

## 25 जनवरी को निकलेगी प्रभातफेरी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री गुरुतेग बहादुर साहिब और उनके साथ शहीद हुए सिख भाई मतीदास, भाई सतीदास और भाई दयाला की 350 वें शहीदी शताब्दी वर्ष में पांच दिवसीय सालाना अखण्ड कीर्तन समागम कल 22 से 26 जनवरी तक विभिन्न गुरुद्वारों में आयोजित किए जाएंगे। गुरुसिंघ सभा के हरपाल सिंह भाटिया, प्रीतपाल सिंह भाटिया ने बताया कि समागम में आठ कीर्तन दीवान अलग-अलग गुरुद्वारा साहिबानों में तथा एक विशेष कीर्तन इन्दौर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा इमली साहिब में आयोजित होगा। पहला कीर्तन दीवान क़ल 22 जनवरी को गुरुद्वारा माता साहिब कौर जी, अमितेश नगर में शाम 7 से 10 बजे तक सजेगा। दूसरा दीवान 23 जनवरी को सुबह 7.30 से 12 बजे तक गुरुद्वारा श्री गुरु हरकिशन साहिब जी महाराज संत नगर में होगा। उसी दिन दोपहर में तीसरा दीवान दोपहर 3 बजे से 4.30 बजे तक गुरुद्वारा करतार कीर्तन साहिब राजमोहल्ला में तथा शाम में चौथा दीवान गुरुद्वारा श्री गुरु हरि-राय साहिब जी महाराज न्यू रानी बाग में होगा। पाँचवाँ दीवान 24 जनवरी को गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव जी ऑकारेश्वर में सुबह 9 से 12 बजे तक तथा छठा दीवान शाम 7 बजे रात्रि 10 बजे तक श्री गुरु अंगद देव जी महाराज पलसीकर कॉलोनी में होगा। समागम का सातवाँ दीवान 25 जनवरी को सुबह 7.30 से 12 बजे तक गुरुद्वारा खालसा बाग, श्री गुरु गोबिन्द सिंह मार्ग में आयोजित होगा। 25 जनवरी को शाम 6.30 बजे से 26 जनवरी सुबह 4 बजे तक कीर्तन रैण सबाई ऐतिहासिक गुरुद्वारा इमली साहिब में आयोजित होगा। प्रभात फेरी 25 जनवरी को प्रातः 5 बजे श्री गुरु अर्जनदेव गेट, विष्णुपुरी से आरम्भ होकर गुरुद्वारा खालसा बाग पर समाप्त होगी।

## वरुण धवन ने ट्रोल्स को दिया करारा जवाब

# 'मैं जिसके लिए काम करता हूं वो शुक्रवार को पता चलेगा'

**वरुण** धवन को फिल्म बॉर्डर 2 के लिए ट्रोल किया जा रहा है.अब एक्टर ने जवाब देकर सबकी बोलती बंद कर दी है. वरुण का रिएक्शन वायरल हो रहा है. बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. ये फिल्म 23 जनवरी को रिलीज हो रही है और इसे लेकर लोगों में बहुत ज्यादा बज है. फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और कमाई जोर-शोर से हो रही है. फिल्म में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, वरुण धवन और अहान शेट्टी लीड रोल में नजर आएंगे. फिल्म का पहला गाना घर कब आओगे जब से रिलीज हुआ है उसके बाद से वरुण धवन को एक्सप्रेशन को लेकर ट्रोल किया जा रहा है. वरुण ने अब ट्रोल करने वालों को करारा जवाब दे दिया है. इसके बाद से सबकी बोलती बंद हो गई है. बॉर्डर 2 को लेकर वरुण धवन को बहुत ट्रोल किया जा रहा है. मगर अब उन्होंने ओपनली रिएक्शन दे दिया है. उन्होंने कहा है कि वो जिस चीज के लिए काम करते हैं वो शुक्रवार को पता चलेगा. वरुण का ये रिएक्शन जमकर वायरल हो रहा है.



### वरुण धवन ने दिया करारा जवाब

वरुण ने एक इवेंट में मीडिया से बात करते हुए कहा- 'मुझे लगता है आप अपने काम से सबकी बोलती बंद कर सकते हो. ये चलती रहती हैं. इससे फर्क नहीं पड़ता है. मैं इसके लिए काम करता हूं. मैं जिस चीज के लिए काम करता हूं वो इस शुक्रवार को पता चलेगा. मुझे फिल्म पर भरोसा है. एक अच्छी फिल्म बनाना बहुत जरुरी है. जाहिर सी बात है नंबर्स तो इन सब चीजों से कुछ लेना-देना नहीं है. मगर मुझे विश्वास है कि हमने एक अच्छी फिल्म बनाई है. ये सबसे जरुरी है. लोग जब थिएटर जाते हैं तो सब भूल जाते हैं. वो एंटरटेन होना चाहते हैं बस, बाकी मैं कुछ और नहीं कह सकता. मैं उस स्कूल से आता हूं जहां आपका काम बोलता है.'

### सुनील शेट्टी ने किया था सपोर्ट

वरुण धवन के ट्रोल होने पर सुनील शेट्टी ने हाल ही में रिएक्ट किया था. उन्होंने कहा था- 'क्या किसी ने फिल्म देखी है. हमने सिर्फ छोटी झलक देखी है. वरुण फिल्म में धमाल कर देंगे. वो फिल्म में एक सीनियर ऑफिसर का किरदार निभा रहे हैं. जिन्होंने देश के लिए अपनी जान दे दी.'

# तीन दिनों तक होगा जत्रा का आयोजन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)** जनजातीय सामाजिक सेवा समिति के तत्वावधान में जत्रा महोत्सव का आयोजन तीन दिनों तक अगले माह 20 से 22 फरवरी तक गांधी हॉल परिसर में आयोजित होगा। यह आयोजन जनजातीय समाज की परंपराओं, लोककलाओं और सांस्कृतिक जीवनशैली को एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। देवकीनंदन तिवारी, गिरीश चव्हाण ने बताया कि जनजातीय समुदाय की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने के साथ-साथ उसे व्यापक समाज से जोड़ना है। इस आयोजन के माध्यम से जनजातीय समाज की परंपरागत जीवनशैली, खान-पान, लोकनृत्य, हस्तशिल्प और कलात्मक अभिव्यक्तियों को एक समेकित रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। यह आयोजन भगोरिया पर्व से एक सप्ताह पूर्व आयोजित होगा। कुल मिलाकर 'जत्रा-2026' न केवल एक सांस्कृतिक आयोजन होगा, बल्कि यह जनजातीय समाज की विरासत, पहचान और आत्मसम्मान का उत्सव बनकर उभरेगा।

# लोग भगवत गीता, कुरान नहीं पढ़ते, लेकिन गाली देने का समय है', एआर रहमान के सपोर्ट में आए बच्चे

**ए** आर रहमान ने कुछ दिनों पहले बॉलीवुड में पावर शिफ्ट को लेकर बात की थी. इसके अलावा उन्होंने बताया था कि बॉलीवुड में पिछले 8 साल में उनके हाथ से काम भी निकला है.. म्यूजिशियन ए आर रहमान अपने हाल ही में दिए इंटरव्यू की वजह से खबरों में हैं. उन्हें काफी आलोचना भी झेलनी पड़ी. विवाद बढ़ने के बाद ए आर रहमना ने माफी भी मांगी थी. अब ए आर रहमना के बच्चे उनके सपोर्ट में आ गए हैं.

### ए आर रहमान के सपोर्ट में आए बच्चे

ए आर रहमान की बेटी रहीमा ने पोस्ट शेयर किया. उन्होंने लिखा,



'इनके पास भगवत गीता, कुरान और बाइबिल पढ़ने का भी समय नहीं है. ये पवित्र ग्रंथ प्यार, शांति, अनुशासन और सच्चाई सिखाते हैं. लेकिन इन लोगों के पास एक-दूसरे से बहस करने, मज़ाक उड़ाने, भड़काने, गाली देने और अनादर करने के लिए दुनियाभर का समय है.' आगे उन्होंने लिखा, 'ये धर्म नहीं है. ये अंधी सोसायटी, अधूरी शिक्षा, जहरीली राजनीति और खराब परवरिश ने बनाया है. एक ऐसी जनरेशन जो इंसानियत से ज्यादा नफरत के प्रति वफादार है.'

### बच्चों ने शेयर किए वीडियो

वहीं ए आर रहमान के बेटे अमीन ने सोशल मीडिया पर पिता का सपोर्ट करते हुए लिखा कि ए आर रहमान ने कितनी बार देश को गर्व करने का मौका दिया है. ए आर रहमान की बेटी रहीमा और खतीजा ने भी पुराने वीडियो शेयर किए. एक फोटो में ए आर रहमान की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ नजर आ रहे हैं, जिसमें ए आर रहमान नेशनल अवॉर्ड रिसीव कर रहे हैं. एक वीडियो में ए आर रहमान को कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन के साथ परफॉर्म करते हुए देखा जा सकता है. वहीं एक वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ए आर रहमान की तारीफ करते दिख रहे हैं. वो बोल रहे हैं- एआर रहमान का म्यूजिक हो या एसएस राजामौली की कहानी कहने की कला, ये भारतीय संस्कृति की आवाज बन गई है.'

# भागीरथपुरा मुद्दे से धीमी हुई स्वच्छता अभियान की गति

## निगम में अमला बढ़ा, अधिकारियों को पकड़ना होगा मैदान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भागीरथपुरा दूषित पानी मामला होने और कई लोगों की मौत होने के बाद शहर में स्वच्छता अभियान की गति धीमी पड़ गई है दूषित पानी कांड में शहर की स्वच्छता को लेकर जमकर प्रश्न उठाए गए एवं सबसे अधिक शहर की छवि को धूमिल किया गया जबकि सीधे तौर पर स्वच्छता और जल शुद्धीकरण का संबंध नहीं है। लेकिन भागीरथपुरा कांड के लिए जनप्रतिनिधियों ने नगर निगम में अधिकारियों की कमी को जिम्मेदार बताया और इसी के कारण भागीरथ पुरा में दूषित पानी की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हो पाई इसके अलावा जिम्मेदारी तत्कालीन नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव और अपर रोहित सिसोनिया की भी तय कर दी गई और उन्हें भी इंदौर से हटाया गया। इसके बाद राज्य शासन द्वारा बड़ी संख्या नगर निगम को अधिकारियों का अमला दिया गया है, लेकिन स्वच्छता संबंधी कार्रवाई फिलहाल ठंडी पड़ी हुई है।

इंदौर नगर निगम के अधिकारियों को इंदौर शहर के स्वच्छता को बनाए रखने के लिए एक बार फिर मैदान पकड़ना होगा भागीरथपुरा पर निगरानी बनाते हुए स्वच्छता अभियान की छवि को बनाए रखने के लिए पुनः कार्रवाई करनी होगी। स्वच्छता सर्वेक्षण की नई टूल किट के अनुसार काम करना होगा हालांकि इंदौर के लिए यह मुश्किल नहीं है क्योंकि जो काम इंदौर पहले कर चुका है वही काम टूल किट में शामिल किए गए। अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर सकारात्मक माहौल शहर में फिर से कायम करना होगा।

पूर्व नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने शहर के ओपन प्लॉट पर फेके जाने वाले कचरे पर रोक लगाने के लिए कारगर कार्रवाई की थी, वह लगातार इसके लिए निगम के अमले को सतर्क रहने के निर्देश देते रहे हैं उन्होंने शहर में अतिक्रमण को लेकर भी सख्ती दिखाई थी, इसके अलावा राजस्व वसूली के क्षेत्र में रिकॉर्ड कायम करते हुए लोक अदालत में 100 करोड़ रुपए से अधिक की वसूली की। वर्तमान में इंदौर को तीन नए अपर आयुक्त और नर्मदा पेयजल वितरण व्यवस्था के लिए दो कार्यपालन यंत्री मिले हैं।

इस बार 2025-2026 का स्वच्छता सर्वेक्षण एक साथ ही होगा। बीते दिनों नगर निगम पर ऊपरी तौर पर स्वच्छता के लिए काम करने के आरोप लगे लोगों ने कहा कि मुख्य सड़कों की सफाई होने से स्वच्छता नहीं होती शहर के गली मोहल्ले में भी सफाई होनी चाहिए बेकलन के कई वीडियो भी वायरल हुई जिसमें लोगों द्वारा बैकलेन में जमकर गंदगी की गई भागीरथपुरा से कई तस्वीरें जहां गंदगी पसरी हुई थी। वर्तमान में नगर निगम के पास पर्याप्त अमला जिसके माध्यम से शहर के तंग इलाके जहां से कचरा बाहर नहीं आ रहा है और लोग गलियों में कचरा फेंक रहे हैं उन पर निगरानी रखी जानी चाहिए साथ ही बेकलेन में रहवासी संघ की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए साथ ही नगर निगम द्वारा सिविल सर्विलांस अभियान के तहत सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाने चाहिए। बैकलेन में कचरा यहां रहने वाले लोगों द्वारा ही डाला जाता है इस पर सख्ती से चालानी कार्रवाई भी करनी होगी। नगर निगम के एनजीओ भी वर्तमान में गहरी नींद में सो रहे हैं। कर्मचारी सही रिपोर्ट नगर निगम को नहीं दे रहे हैं जिसके कारण शहर में पूरा कचरा कलेक्शन नहीं हो रहा। कितने घरों से कचरा कलेक्ट नहीं हो रहा है जिस पर भी काम होना चाहिए।

## विद्यालयीन खुली बैडमिंटन स्पर्धा




इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सरताज अकादमी द्वारा अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी इंदौर में आयोजित 17वीं योनेक्स सनराइज विद्यालयीन खुली बैडमिंटन स्पर्धा में सरताज अकादमी के खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नायशा पुरोहित 15और 17वर्ष बालिका एकल के क्वार्टर फाइनल एवं 15वर्ष बालिका युगल के सेमीफाइनल तक खेली, नन्ही खिलाड़ी नयोनिका नरवले 9वर्ष बालिका वर्ग में उपविजेता रही, शिवांश शर्मा 17वर्ष बालक एकल और 15वर्ष बालक युगल के सेमीफाइनल एवं 15वर्ष बालक एकल के क्वार्टर फाइनल तक खेले, शिवांश सुनेरे 17वर्ष बालक एकल के क्वार्टर फाइनल और 17वर्ष बालक युगल के सेमीफाइनल तक खेले, सरताज अकादमी के अथर्व चौधरी 13वर्ष बालक एकल के क्वार्टर फाइनल तक खेले, सरताज अकादमी के प्रबंध निदेशक और प्रशिक्षक धर्मेश यशलहा ने बताया कि नायशा पुरोहित 15 वर्ष बालिका युगल में महू की जया यादव के साथ पहली बार खेली, जया यादव और नायशा पुरोहित 15वर्ष बालिका युगल के सेमीफाइनल में दूसरे क्रम की अद्वितिया शर्मा और गिरिजा जाधव से तीन गेमों में 11-2,20-22,11-21 से पराजित हुई, नायशा 15वर्ष बालिका एकल क्वार्टर फाइनल में धार की लविका डोडिया से तीन गेमों में 21-18, 8-21, 12-21 से हारी, नायशा 17 वर्ष बालिका एकल के क्वार्टर फाइनल में उसी के विद्यालय की ओमिशा मेहता से 15-21,11-21 से पराजित हुई, नायशा को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया, 9वर्ष (कोंपल) बालिका के फाइनल में नयोनिका नरवले खंडवा की किआरा दासगुप्ता से 16-21,4-21 से पराजित हुई, 13वर्ष बालक एकल के क्वार्टर फाइनल में सरताज अकादमी के अथर्व चौधरी, स्पर्धा में उपविजेता रहे अर्णव गौर से हारे, 15वर्ष बालक एकल क्वार्टर फाइनल में शिवांश शर्मा, त्रिशिर पाटीदार से 11-21,23-25 से पराजित हुए, शर्मा 17वर्ष बालक एकल सेमीफाइनल में स्पर्धा उपविजेता रहे आर्जव मरघदे से हारे, शिवांश सुनेरे 17 वर्ष बालक एकल क्वार्टर फाइनल में भव्य चढोकर से 7-21,10-21से पराजित हुए, सरताज अकादमी और अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी ने स्पर्धा के हरेक प्रतियोगी को उपहार लिएं, एकल विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी के साथ ही इनामी राशि भी दी गई, एकल वर्गों में सेमीफाइनल खेले सभी खिलाड़ियों को भी ट्रॉफी दी गई।

## टेनिस टूर्नामेंट क्लब में होगा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मध्यप्रदेश टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर आईटीएफ जे-60 टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन 26 से 31 जनवरी तक रेस कोर्स रोड स्थित इंदौर टेनिस क्लब में किया जाएगा। भारतीय टेनिस संघ व मध्यप्रदेश टेनिस संघ के महासचिव अनिल धूपर ने बताया कि अब इंदौर में एक बार फिर देश-विदेश के जूनियर खिलाड़ी इंदौर टेनिस क्लब पर अपना जौहर दिखाए हुए नजर आएंगे। यह टूर्नामेंट का लगातार 18 वर्ष है। जूनियर स्तर के इस अहम टूर्नामेंट के मुख्य दौर के मुकाबले 26 जनवरी से शुरू होंगे। उसके पहले 24 व 25 जनवरी को क्वालीफाइंग दौर के मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में अब तक कई देशों की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी है। कई नामी जूनियर भारतीय खिलाड़ी भी इस टूर्नामेंट में अपना जौहर दिखाएंगे। प्रदेश के खिलाडियों के लिए भी यह टूर्नामेंट काफी अहम होगा।

## एलएसजीसीए की शानदार जीत

इंदौर। आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए ए ग्रेड अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एलएसजीसीए एवं महू स्पौटस के मध्य मैच खेला गया जिसमें एलएसजीसीए ने पहले खेलते हुए 46 ओवरो में सभी विकेट खोकर 274 रन बनाये। विहान राठौर ने 83 रन एवं अंथन नरूला ने 53 रन बनायें । युवराज, आरव एवं माधव ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में महू स्पोटस की टीम 41 ओवरो में सभी विकेट खोकर 205 रन ही बना सकी और यह मैच 69 रनों के अंतर से हार गई । सिद्धांत सोनी ने शानदार 120 रन बनाये लेकिन वे अपनी टीम को हार से नहीं बचा सके । कृष्णा ने 3 विकेट तथा अंशुल व विहान ने 2-/ विकेट लिये ।एक अन्य मैच एमवायसीसी एवं एमकेसीसी के मध्य खेला गया सिजमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 15 ओवरो में मात्र 49 रन बनाकर अपने सभी विकेट खो दिये । आराध्य वर्मा ने 5 विकेट एवं सुमीत पाटीदार ने 3 विकेट लिये । जवाब में एमवायसीसी की टीम ने भी 16 ओवरो में 5 विकेट खोकर 50 रन बनाकर यह मैच 5 विकेट से जीत लिया। समर पटेल ने 3 विकेट लिये।



### एकेसीए की रोमांचक जीत



इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एकेसीए एवं आरबीसीएफ के मध्य खेला गया जिसमें एकेसीए ने पहले खेलते हुए 34 ओवरो में सभी विकट खोकर 118 रन बनाये। प्रत्युश यादव ने 6 विकेट एवं अभिनंदन पटेल ने 3 विकेट लिये । जवाब में आरबीसीएफ की टीम 25 ओवरो में मात्र 97 रनों पर सिमट गई और यह मैच 21 रनों से रोमांचक अंदाज में हार गई । नक्श खरे व प्रतीक गुर्जर ने 4-4 विकेट लिए।

### इंदौर स्पोर्ट्स की आसान जीत





इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच इंदौर स्पोर्टस एवं सीसीआय के मध्य खेला गया जिसमें इंदौर स्पोर्ट्स ने पहले खेलते हुए 40 ओवरो में सभी विकेट खोकर 175 रन बनाये। दिव्यांश पाराशर ने सर्वाधिक 93 रन बनाये। कुश कुमावत ने 4 विकेट लिये । जवाब में सीसीआय की टीम 31 ओवरो में 131 रनों पर सिमट गई और यह मैच 44 रनों से हार गई । गौरांश पटेल ने नाबाद 52 रन बनायें । अश वर्मा ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकट लिये ।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ

इंदौर । ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप का शुभारंभ द एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल प्राचार्य निशा अहमद, खेल अधिकारी संजय मिश्रा व एसोसिएशन के सचिव विकास सिमरैया ने किया। उक्त प्रतियोगिता में 16 स्कूल के 374 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मुकाबले में बालिका वर्ग में मितिशा सिमरैया, अन्वी प्रजापत, अधिरा राठी, आन्या यदुवंशी व बालक वर्ग में रंजीत साहिया, मयंक मंडलोई , जिब्रान जावेद खान, गतिक यदुवंशी ने स्वर्ण पदक अर्जित किए।


**कार्यालय नगर परिषद सांवेर जिला इन्दौर म.प्र.**

E-mail Add:cmosawer@mpurbangov.in Tel-07321-220070

क्रमांक-83 दिनांक 20.01.2026

निकायों में दुकान नामांतरण हेतु प्राप्त आवेदन की सूची-

| क्र. | आवेदक का नाम पिता/पति का नाम | हस्ताक्षरकर्ता का नाम पिता/पति का नाम | वार्ड | पता | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संदीप चंगेडिया पिता शंकरलाल चंगेडिया | गोपालकृष्ण सोनी पिता जमनालाल सोनी | 01 | बरलई मार्ग रांवेर सांवेर | रजिस्ट्री |
| 2 | 1.विवेक पिता हरिराम वर्मा 2.निलिमा पति विवेक 3.पवन पिता हरिराम वर्मा 4.कीर्ति पति पवन वर्मा | इकबालसिंह गांधी पिता संतोष सिंह गांधी | 01 | इन्दौर उज्जैन हाईवे | रजिस्ट्री खसरा |

उपरोक्त वर्णित भवन/भूमि नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस्तहार जारी करने के दिनांक से 17 दिवस के अंदर आपत्ति मय प्रमाण अभिलेखों को कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। अवधि समाप्त होने के पश्चात किसी भी व्यक्ति की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा उपरोक्त दर्शाए अनुसार भवनभूमि/भवन पर हकों का अंतरण (नामांतरण) कर दिया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सांवेर जिला इन्दौर**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती आशा पति स्व. ओ.पी. पाण्डे** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नम्बर 2359 सुदामा नगर सेक्टर ई इन्दौर पिन नं. 1001229549 का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती पदमा पति श्री देवेन्द्र कुमार पुंगलिया** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं.1003025005 पता 221 स्कीम नं. 78 द्वितीय इन्दौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**




# इशरे क्रिकेट लीग का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इशरे इंदौर चैप्टर द्वारा इशरे क्रिकेट लीग का आयोजन सहारा सिटी ग्राउंड पर किया गया। शिवेन्द्रसिंह तोमर, शिवकुमार सोनी आयोजन से जुडे रहे। 10 टीमों ने शिरकत की थी। विजेताओं को सम्मानित भी किया। अतिथि आशीष खोती, सुरेश चौहान थे।

# खेलो एमपी युथ गेम्स इंदौर सभांग स्तरीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता इंदौर टीम विजेता

**इंदौर।** खेलो एमपी युथ गेम्स (थ्रोबाल) का आयोजन 29 से 30 जनवरी तक भोपाल में किया जा रहा है। मध्यप्रदेश थ्रोबॉल एसोसिएशन, के तत्वाधान में इन्दौर जिला थ्रोबॉल एसोसिएशन के द्वारा इंदौर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 19 जनवरी को मेडीकेप्स इटरनेशनल स्कूल राऊ, इन्दौर में आयोजित कि गई। इस प्रतियोगिता में इंदौर, खरगोन, बड़वानी, धार ने भाग



लिया। यह प्रतियोगिता लीग पद्धती से खेली गई। बालक वर्ग में इंदौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं खरगोन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बाालिका वर्ग में इंदौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वही खरगोन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर इंदौर जिला थोबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम करोले, प्रणव भोंडवे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया व मेडीकेप्स स्कूल के खेल अधिकारी भावेश बुंदेला ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर अभिषेक मुकाती, दीपक वर्मा, सतोष कोशल, विजय राठौर, विरेंद्र सिंह, अनिश यादव, राहुल गोले इन सभी ने बधाई दी एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।



# मार्शल आर्ट शिविर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एलेट स्पोर्ट्स अकादमी के तत्वाधान में एवं श्रेयस लिटिल चैंप्स अकादमी के ईच वन टीच वन मोमेंट के सानिध्य में पीथमपुर स्थित इंटरनेशनल स्कूल में 7 दिवसीय मार्शल आर्ट्स शिविर लगाया गया है। जिसमें बच्चों को प्राचार्या श्वेता ताबे के सहयोग से फेंसिंग, कोशिकी मार्शल आर्ट और कराते जैसे खेल के तकनीकी गुर राष्ट्रीय अवॉर्डी माही धारू और राधिका पंचोले के निर्देशन में सिखाए जा रहे है। बालिका वर्ग में माही चौधरी, नेहा यादव, अभिशिखा शर्मा, खुशबू पटेल, श्रद्धा चौधरी, तन्नूश्री पांचाल, निधि चौधरी, शिल्पा डागरी, सलोनी प्रजापत, रंगीनी चौहान, आनंदी खांडेकर, विशेष चौधरी, अनुराग चौधरी बालक वर्ग में आदित्य चौधरी, हर्ष प्रजापत, अनंत रघुवंशी जयेश पटेल भाग ले रहे है। ये खिलाड़ी आगामी एलेट विंटर कैंप गोवा में भाग लेंगे एवं आगामी शिक्षा विभाग एवं खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित होने वाली स्पर्धाएं भी खेलेंगे। शिविर का संचालन अमय लश्करी एवं स्कूल डायरेक्टर घनश्याम चौधरी ने किया एवं आभार दीपक जायसवाल एवं राजेंद्र पाटिल ने माना।

## पावर लिफ्टिंग टीम चैंपियनशिप 24 को

**इंदौर।** जिला सीनियर क्लासिक पुरुष/महिला पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 24 जनवरी को होना है। इस जिला चैंपियनशिप से इंदौर कॉर्पोरेशन सीनियर क्लासिक पॉवरलिफ्टिंग टीम का चयन किया जाएगा। सीनियर क्लासिक प्रतियोगिता में चयनित खिलाडी 13 से 14 फरवरी को सीहोर में होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर क्लासिक पुरुष/महिला पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भाग लेगी । खिलाड़ियों का चयन श्रेष्ठ में सर्वश्रेष्ठ का किया जाएगा ।

# टेनिस टूर्नामेंट होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर आईटीएफ जे-60 टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन 26 से 31 जनवरी तक रेस कोर्स रोड स्थित इंदौर टेनिस क्लब में किया जाएगा। भारतीय टेनिस संघ व मध्यप्रदेश टेनिस संघ के महासचिव अनिल धूपर ने बताया कि अब इंदौर में एक बार फिर देश-विदेश के जूनियर खिलाड़ी इंदौर टेनिस क्लब पर अपना जौहर दिखाए हुए नजर आएंगे। यह टूर्नामेंट का लगातार 18 वर्ष है। जूनियर स्तर के इस अहम टूर्नामेंट के मुख्य दौर के मुकाबले 26 जनवरी से शुरू होंगे। उसके पहले 24 व 25 जनवरी को क्वालीफाइंग दौर के मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में अब तक कई देशों की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी है। कई नामी जूनियर भारतीय खिलाड़ी भी इस टूर्नामेंट में अपना जौहर दिखाएंगे। प्रदेश के खिलाडियों के लिए भी यह टूर्नामेंट काफी अहम होगा। 18 वर्ष बालक व बालिका वर्ग में होने वाले इस टूर्नामेंट में एकल व युगल मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट डायरेक्टर अर्जुन धूपर ने बताया कि जे-60 टूर्नामेंट में उच्च रैंकिंग वाले कई देशों के जूनियर खिलाड़ी शिरकत कर रहे है।

# कप्तान ने बताया कौन किस पोजिशन पर खेलेगा

## ईशान खेलेंगे नवंबर तीन पर

**नागपुर ।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मंगलवार को कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में ईशान किशन को श्रेयस अय्यर से पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा जाएगा क्योंकि वह भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा हैं और चोटिल तिलक वर्मा की तरह ही खब्बू बल्लेबाज हैं। तिलक के पेट का आपरेशन हुआ है और वह पहले तीन मैचों से बाहर हैं। इससे श्रेयस को पहले तीन मैचों के लिए वापसी का मौका मिला है।

सूर्यकुमार ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ईशान तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेगा क्योंकि वह हमारी टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा है और उसे टीम में पहले चुना गया तो उसे मौका देना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, पिछले डेढ़ साल से वह भारत के लिए खेला नहीं है लेकिन घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। 27 वर्षीय ईशान ने आखिरी इंटरनेशनल मैच नवंबर 2023 में खेला था।

उन्होंने कहा, ईशान को टी20 विश्व कप के लिए चुना गया है तो उसे श्रेयस से ऊपर भेजा जाना चाहिए। अगर चौथे



या पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी की बात होती तो अलग सवाल होता। तिलक भी नहीं है तो ईशान हमारे पास सर्वश्रेष्ठ विकल्प है। टी20 विश्व कप सात फरवरी से शुरू हो रहा है जो भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। यह पूछने पर कि क्या वह खुद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं, कप्तान ने कहा, मैंने भारत के लिए दोनों क्रम पर बल्लेबाजी की है। चौथे नंबर पर मेरे आंकड़े बेहतर हैं और तीसरे नंबर पर भी लेकिन मुझे लचीला रुख अपनाना होगा। लंबे समय से खराब फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार ने यह भी कहा कि वह अपनी बल्लेबाजी शैली में कोई बदलाव नहीं करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं रन नहीं बना पा रहा लेकिन अपनी पहचान नहीं बदलूंगा। मैंने फैसला किया है कि वैसे ही खेलूंगा जैसे पिछले तीन चार साल से खेल रहा था और जिससे मुझे सफलता मिली है।

# हार्दिक की बल्लेबाजी देख कोच गंभीर हुए खुश

**नागपुर ।** न्यूजीलैंड के खिलाफ आज से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज से पहले भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने नेट्स पर अपनी पावर-हिटिंग का प्रदर्शन किया। नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान हार्दिक ने ऐसे गगनचुंबी छक्के जड़े कि कप्तान सूर्यकुमार यादव और हेड कोच गौतम गंभीर भी अपनी आंखों पर यकीन नहीं कर पाए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में हार्दिक का यह विस्फोटक अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

अभ्यास सत्र के दौरान जब हार्दिक पांड्या नेट्स पर बल्लेबाजी करने आए, तो उन्होंने वहां मौजूद लोगों को स्टैंड्स से हटने के लिए कहा ताकि कोई चोटिल न हो। इस पर हेड कोच गौतम गंभीर ने उनसे मजाकिया अंदाज में पूछा, 'तुम कहां निशाना लगा रहे हो?, जिस पर हार्दिक ने 'नॉर्थ विंग' की ओर इशारा किया। इसके तुरंत बाद हार्दिक ने एक जोरदार शॉट लगाया जो सीधे स्टेडियम के दूसरे टियर पर जा गिरा। इस छक्के की दूरी और ताकत देखकर गंभीर और सूर्या हैरान रह गए। इसी दौरान कप्तान सूर्या ने ऑलराउंडर शिवम दुबे के मजे लेते हुए कहा, 'ये दुबे, सेकेंड टियर पर मार दिया।



हार्दिक पांड्या की यह फॉर्म भारतीय टीम के लिए शुभ संकेत है, क्योंकि अगले महीने से टी20 विश्व कप 2026 की शुरुआत होने वाली है। चयनकर्ताओं ने वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत हार्दिक और जसप्रीत बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में आराम दिया था, लेकिन अब वे टी20 प्रारूप में मैदान पर वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बता दें कि हार्दिक का हालिया फॉर्म बेहद शानदार रहा है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी20 मैच में 25 गेंदों पर 63 रन कूटे थे और घरेलू क्रिकेट में विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान विदर्भ के खिलाफ 133 रनों की तूफानी पारी खेली थी, जिसमें 11 छक्के शामिल थे।

# कप्तान सूर्यकुमार ने कहा वे अपनी आक्रामक शैली नहीं बदलेंगे

**नागपुर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज से नागपुर में पांच मैचों की टी20 सीरीज का आगाज होने जा रहा है। इस अहम सीरीज से पहले भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपनी बल्लेबाजी फॉर्म और टीम की रणनीति को लेकर खुलकर बात की है। पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे सूर्या ने स्पष्ट किया कि वे अपनी आक्रामक शैली नहीं बदलेंगे, भले ही उनके बल्ले से रन नहीं निकल रहे हों।

अपनी फॉर्म पर बात करते हुए सूर्यकुमार यादव कहा, मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं और मेरी बल्लेबाजी सही दिशा में जा रही है, लेकिन अगर रन नहीं आए तो मैं फिर से 'ड्रॉइंग बोर्ड' पर लौटकर अपनी तैयारियों का आकलन करूंगा। उन्होंने आगे जोड़ा कि वह अपनी उस पहचान को नहीं बदलना चाहते जिसने उन्हें पिछले तीन-चार वर्षों में सफलता दिलाई है। सूर्या के अनुसार, वे उसी पुराने



अंदाज में बल्लेबाजी करना पसंद करेंगे जैसे उन्होंने 2020-21 में टीम में आने के समय की थी और अपनी बेसिक्स पर वापस लौटेंगे। यानी सूर्या ने अपने बयान से यह स्पष्ट कर दिया कि वे खेलने के रवैये को नहीं बदलेंगे और विस्फोटक अंदाज जारी रखेंगे। एक कप्तान के रूप में अपनी जिम्मेदारी पर सूर्या ने कहा कि टीम के हित उनके व्यक्तिगत रिकॉर्ड से ऊपर हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, यह एक टीम स्पोर्ट है और इसमें पर्सनल माइलस्टोन (व्यक्तिगत रिकॉर्ड) के लिए कोई जगह नहीं है। मेरा पहला काम यह देखना है कि टीम कैसा प्रदर्शन कर रही है। अगर टीम जीत रही है, तो मैं उसी में खुश हूं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि तिलक वर्मा की चोट के कारण ईशान किशन नंबर 3 पर बल्लेबाजी करेंगे, क्योंकि ईशान आगामी विश्व कप की योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

# भागीरथपुरा में एक और मौत... चार बेटियों के पिता ने तोड़ा दम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भागीरथपुरा में दूषित पानी से इलाजरत एक मरीज ने बीती रात दम तोड़ दिया। भागीरथपुरा में रहनेवाले हेमंत गायकवाड़ (51 साल) 22 दिसंबर को दूषित पानी पीने के बाद बीमार हुए थे, जिसके बाद उनका परेशीपुरा क्षेत्र के अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के बाद चिकित्सकों ने उन्हें छुट्टी भी दे दी थी, लेकिन जब उन्हें फिर तकलीफ शुरू हुई तो 7 जनवरी को अरविंदो हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया, जहां करीब 14 दिनों तक उनका इलाज चलता रहा। इलाज के दौरान रात करीब 3 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। सूत्रों के मुताबिक इसी दौरान उन्हें दो अन्य बीमारियों की पुष्टि भी हुई थी। हेमंत परिवार का इकलौता आर्थिक सहारा थे। उनकी चार बेटियां हैं और वे ई रिक्शा चलाकर अपना भरण



पोषण करते थे। उनके जाने के बाद अब परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा है। हेमंत की बेटी के अनुसार उन्हें किडनी से जुड़ी समस्या और एक अन्य बीमारी भी हो गई थी। परिजनों का कहना है कि हेमंत राहुल गांधी से भी मिलना चाहते थे, लेकिन अस्पताल में होने की वजह से नहीं मिल सके। प्रशासन एक ओर मौतों के आंकड़े को लेकर स्पष्ट स्थिति में नहीं है। दूसरी ओर इस मौत को भागीरथपुरा में दूषित जलकांड से 25वीं मौत बताया जा रहा है।

## सात मरीज अभी भी आईसीयू में

भागीरथपुरा में कल एक बार फिर तीन नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही इस समय अस्पताल में जो मरीज इलाज के लिए भर्ती है उनमें से सात मरीज आईसीयू में है। इनमें से तीन मरीज वेंटिलेटर पर है। इन मरीजों की स्थिति में कहीं सुधार हो रहा है और कहीं हालत स्थिर बनी हुई है।

# अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बाइक चुराने वाला बदमाश गिरफ्तार

**तुकोगंज पुलिस ने बरामद कीं चोरी की 4 मोटरसाइकिलें**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तुकोगंज थाना पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान सक्रिय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई चार बाइकें बरामद की हैं। पकड़ा गया आरोपी मैच के दौरान उमड़ी भीड़ का फायदा उठाकर स्टेडियम के आसपास से वाहन पार करता था।

तुकोगंज थाना प्रभारी जितेंद्र यादव के मुताबिक, हाल ही में इंदौर में हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान क्षेत्र से वाहन चोरी की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से जांच शुरू की, जिसके बाद घेराबंदी कर 40 वर्षीय विजय पिता हुकुमचंद बिजोरे को हिरासत में लिया गया। आरोपी मूल रूप से अंबेडकर नगर का रहने



वाला है।पूछताछ में आरोपी विजय ने मैच के दौरान स्टेडियम के आसपास से मोटरसाइकिलें चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की गई 4 बाइकें जब्त कर ली हैं। पुलिस को अंदेशा है कि आरोपी ने मैच के दौरान और भी कई वाहनों पर हाथ साफ किया होगा।थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी विजय से सघन पूछताछ की जा रही है।

पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह चोरी किए गए वाहनों को कहां खपाता था और इस गिरोह में उसके साथ अन्य कौन लोग शामिल हैं। पुलिस को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में आरोपी से पूछताछ के बाद शहर की अन्य वाहन चोरी की वारदातों का भी खुलासा हो सकता है।

# शातिर जालसाज संजय कालरा पर एक साथ दो एफआईआर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी और अवैध वसूली करने वाले आरोपी संजय कालरा के खिलाफ पुलिस ने एक साथ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। एक ओर जहां उसने किराए पर ली गई गाड़ियां गिरवी रखकर वाहन मालिकों के साथ जालसाजी की। वहीं दूसरी ओर केशरबाग रोड पर गैराज मालकिन को डरा-धमकाकर 20 लाख रुपये की मांग की है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश तेज कर दी है।**

## गाड़ियाँ हड़पने के बाद अब महिला गैराज मालकिन से मांगे 20 लाख

पहली एफआईआर न्यू गौरीनगर निवासी रोमेन्द्रसिंह भदौरिया की शिकायत पर दर्ज हुई है। आरोपी संजय कालरा ने उनसे गाड़ी किराए पर ली और दो महीने किराया देने के बाद गाड़ी वापस करने से इन्कार कर दिया। जब रोमेन्द्र ने दबाव बनाया तो आरोपी ने उन्हें गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। जांच में पता चला कि आरोपी ने गाड़ी को कहीं और गिरवी रख दिया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी इस तरह की धोखाधड़ी के कई मामले सामने आ चुके हैं। दूसरा मामला केशरबाग रोड स्थित एक गैराज मालकिन राधिका सोलंकी की शिकायत पर दर्ज किया गया है। राधिका ने अपना गैराज तीन साल पहले वैभव जोशी को किराए पर दिया था, जिसने उनकी जानकारी के बिना इसे संजय कालरा को सौंप दिया। संजय यहां कार वॉशिंग सेंटर और गाड़ियां किराए पर देने का काम करने लगा, जब राधिका को संजय की धोखाधड़ी की शिकायतों का पता चला और वे दुकान खाली कराने पहुँचीं तो आरोपी ने उसके अभद्रता शुरू कर दी। आरोपी ने दुकान खाली करने के बदले 20 लाख रुपये की मांग की या दुकान उसके नाम करने का दबाव बनाया, इतना ही नहीं, उसने कुछ पुलिसकर्मियों का नाम लेकर राधिका को धमकाया कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। अन्नपूर्णा पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अवैध वसूली और धमकी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# घर के बाहर खड़े वाहनों में आग



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** तिलक नगर थाना क्षेत्र के बंगाली कालोनी में घर के बाहर खडे वाहनों में बीती रात आग लगने का मामला सामने आया है। पुलिस को फरियादी अंजलि राय ने अपने पति विश्वजीत राय के साथ जाकर शिकायत दर्ज करवाई, कि वह बंगाली कालोनी में रहते है और फुटवेयर की दुकान चलाते है, बीती रात करीब 1 बजे जब वे घर पर सो रहे थे तभी बाहर चिल्ला-पौ मची, तभी उन्होने बाहर जाकर देखा तो उनकी एक्टिवा क्रमांक एमपी-09 यूयू-0245 और सायकल में आग लगी थी। वहीं पड़ौस में खडी मोटर सायकल में भी आगजनी हो रही थी, फिर फरियादी ने आग बुझाने के लिए पानी डाला और पुलिस को सूचना दी।

# तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर चल रही गाय को कुचला, मौत

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण एक बेजुबान जानवर की जान जाने का मामला सामने आया है। यहाँ एक ट्रक चालक ने सड़क पर चल रही गाय को इतनी जोरदार टक्कर मार दी कि उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा बीती दोपहर करीब 1 बजे अग्रवाल टोल नाके के पीछे मुख्य सड़क पर हुआ। आइसर कंपनी के ट्रक नंबर एमपी-69-जी-0696 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए गाय को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाय ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया, जिससे वहां मौजूद लोगों में काफी रोष देखा गया। हादसे की सूचना मिलने के तुरंत बाद लसूड़िया पुलिस मौके पर पहुँची और ट्रक को जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक अनिकेत बंगाडे (23), निवासी स्कीम नंबर 78 इंदौर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# दूसरी मंजिल से गिरकर नेत्रहीन बुजुर्ग की मौत

## आंखों की रोशनी जाने के बाद छोटे बेटे के साथ रह रहे थे

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र स्थित एलआईजी कॉलोनी में एक दुखद हादसा सामने आया है। यहाँ दूसरी मंजिल से गिरकर 70 वर्षीय एक बुजुर्ग की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग की आंखों की रोशनी जा चुकी थी, जिसके चलते संभवतः संतुलन बिगड़ने या रास्ता भटकने के कारण वे गैलरी से नीचे गिर गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मृतक की पहचान जोसफ पिता सायमन (70) निवासी एलआईजी कॉलोनी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि करीब 6 साल पहले एक बीमारी या अन्य कारण से जोसफ की आंखों की रोशनी चली गई थी। उन्हें पूरी तरह से दिखाई देना बंद हो गया था, जिसके कारण वे घर के भीतर भी सहारे से चलते थे।पारिवारिक स्थिति के बारे में जानकारी मिली है कि जोसफ का बड़ा बेटा गौरी नगर में रहता है, जिसका कुछ समय पहले एक्सीडेंट हो गया था। बड़े बेटे को भी करीब दो साल पहले दिखाई देना बंद हो गया था। घर की विषम परिस्थितियों के चलते जोसफ अपने छोटे बेटे के साथ एलआईजी कॉलोनी स्थित घर में रह रहे थे।कल अचानक जोसफ दूसरी मंजिल से नीचे गिर गए। गिरने की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग तुरंत उन्हें अस्पताल लेकर भागे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। एमआईजी थाना पुलिस ने इस मामले में मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।